154वीं जयन्ती
गौर उत्सव
20-26 नवम्बर, 2023

NAAC A+
Accredited University

प्रतिवेदन

# गौर उत्सव

## 20-26 नवम्बर 2023





**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)**

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

07582-265228 | www.dhsgsu.edu.in

सम्माननीय महोदया/महोदय,

हर्ष का विषय है कि डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के संस्थापक, महान शिक्षाविद् एवं प्रख्यात विधिवेत्ता, संविधान सभा के सदस्य दानवीर **डॉ. सर हरीसिंह गौर** की **154वीं जयन्ती 'गौर उत्सव'** समारोह के रूप में दिनाँक 20-26 नवम्बर, 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार है :

**20-25 नवम्बर 2023**
**सोमवार से शनिवार**

## विश्वविद्यालयीन अन्तर-शाला छात्र प्रतियोगिताएँ

(अ) देशज खेल-कूद (ब) सांस्कृतिक गतिविधियाँ

**समय - प्रातः 11.00 से सायं 5.00 बजे तक**
**स्थल-अब्दुल गनी खान स्टेडियम/गौर समाधि प्रांगण**

## टी-20 मैत्री क्रिकेट मैच (ग्रुप-ए)

**20 नवम्बर 2023**
विश्वविद्यालय अधिकारी/कर्मचारी एकादश
**बनाम**
पत्रकार एकादश
**स्थल - अब्दुल गनी खान स्टेडियम**
**समय - प्रातः 10:00 बजे से**

## टी-20 मैत्री क्रिकेट मैच (ग्रुप-बी)

**21 नवम्बर 2023**
विश्वविद्यालय शिक्षक एकादश
**बनाम**
सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक/कर्मचारी एकादश
**स्थल - अब्दुल गनी खान स्टेडियम**
**समय - प्रातः 10:00 बजे से**

## टी-20 मैत्री क्रिकेट मैच फायनल

**22 नवम्बर 2023**
'ग्रुप ए' विजेता **बनाम** 'ग्रुप बी' विजेता
**स्थल - अब्दुल गनी खान स्टेडियम**
**समय - प्रातः 10:00 बजे से**

## सम्बद्ध महाविद्यालयों के कार्यक्रम

**21 नवम्बर 2023**
**स्थल - स्वर्ण जयन्ती सभागार**
**समय - प्रातः 11.00 से सायं 3.00 बजे तक**

## मनोरंजक खेल एवं महिला खेल-कूद प्रतियोगिता

**21-22 नवम्बर 2023**
**स्थान - अब्दुल गनी खान स्टेडियम**
**समय - प्रातः 11.00 से सायं 5.00 बजे तक**

बुधवार, 22 नवम्बर 2023

## केन्द्रीय विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम

केन्द्रीय विद्यालय क्र. 4 के विद्यार्थियों द्वारा

स्थल - स्वर्ण जयन्ती सभागार

समय - प्रातः 10.00 से सायं 3.00 बजे तक

24-25 नवम्बर 2023
शुक्रवार व शनिवार

## विश्वविद्यालयीन मुक्त दिवस

चिन्हित विद्यालयों के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों हेतु बॉटनीकल गार्डन,
संग्राहलयों एवं अत्याधुनिक उपकरण केन्द्रों का भ्रमण

समय - प्रातः 10.00 से सायं 5.00 बजे तक

## गौर कौशल विकास मेला

विश्वविद्यालय कम्यूनिटी कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी

25 नवम्बर 2023

स्थल - गौर प्रांगण

समय - प्रातः 11:00 बजे से सायं 6:00 बजे

## गौर साहित्य प्रदर्शनी

25-26 नवम्बर 2023

स्थल - जवाहर लाल नेहरू पुस्तकालय

समय - प्रातः 11.00 से सायं 5.00 बजे तक

## पुरा-छात्र कार्यक्रम

25 नवम्बर 2023

व्यख्यान

विकास एवं पुनरूत्थान के भारतीय मानक और शोध संभावनाएँ

प्रो. शैलेन्द्र सराफ

निदेशक, नाईपर (अहमदाबाद व हैदराबाद)

स्थल- अभिमंच सभागार

समय - अपराह्न 02.00 से सायं 4.00 बजे तक

## काव्यांजलि

विश्वविद्यालय शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा

25 नवम्बर 2023

स्थल- अभिमंच सभागार

समय - सायं 4.00 से 6.00 बजे तक

## डॉ. गौर की जीवनी: रेडियो वार्ता प्रसारण

माननीया कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा

25 नवम्बर 2023

समय - सायं 6.30 बजे

## दीप प्रज्ज्वलन

25 नवम्बर 2023

स्थल - गौरमूर्ति, तीनबत्ती

समय - सायं 6.30 बजे

रविवार, 26 नवम्बर 2023

## गौर जयन्ती कार्यक्रम - तीनबत्ती

डॉ. गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं उद्‌बोधन

माननीया कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता

समय – प्रातः 8:30 बजे

*स्थल : गौरमूर्ति, तीनबत्ती*

## गौर शोभा यात्रा

गौरमूर्ति, कटरा बाजार से विश्वविद्यालय परिसर तक

समय – प्रातः 9:00 बजे

## गौर जयन्ती मुख्य समारोह - गौर प्रांगण

समय – प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक

अध्यक्षता

श्री कन्हैया लाल जी बेरवाल (पूर्व आई.पी.एस.)

कुलाधिपति, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर

सारस्वत उद्‌बोधन

माननीया प्रो. नीलिमा गुप्ता

कुलपति, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर

## सम्मान

*'गौर गौरव'*

प्रो. संतोष कुमार

पूर्व कुलपति

*'गौर रत्न'*

श्री पी. एस. परिहार

पूर्व छात्र

पूर्व निदेशक, भारतीय परमाणु प्रभाग

हैदराबाद

*'गौर मणि'*

प्रो. संजय श्रीवास्तव

पूर्व शिक्षक

कुलपति, महात्मा गाँधी केन्द्रीय

विश्वविद्यालय, मोतीहारी, बिहार

## सांस्कृतिक संध्या

(विश्वविद्यालय विद्यार्थियों द्वारा)

समय – सायं 6:30 बजे से 7:30 बजे तक

*स्थल : स्वर्ण जयन्ती सभागार*

उपरोक्त कार्यक्रमों में आपकी गरिमामयी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

भवदीय

कुलसचिव

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर

प्रो. पी. के. कठल

मुख्य समन्वयक–गौर उत्सव–2023



## डॉ. गौर के संकल्प से आलोकित है बुंदेलखंड- कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता

## गौर जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित 'गौर उत्सव' 2023 के संबंध में हुई पत्रकार-वार्ता

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के संस्थापक महान शिक्षाविद् एवं प्रख्यात विधिवेत्ता, संविधान सभा के सदस्य एवं दानवीर डॉ. सर हरीसिंह गौर के 154वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 20 नवंबर से 26 नवंबर तक 'गौर उत्सव' 2023 का आयोजन किया गया. इस संबंध में विश्वविद्यालय के अतिथि गृह के सम्मेलन कक्ष में आयोजित पत्रकार-वार्ता कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि सागर शहर में डॉ. गौर की जयन्ती उल्लासपूर्वक मनाई गई. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय भी सप्ताह भर अपने पितृ पुरुष की जयन्ती को उत्साहपूर्वक एक उत्सव के रूप में मनाया. उन्होंने कहा कि डॉ. गौर सागर की धरती पर पैदा हुए थे और उनके महान संकल्पों के कारण यह विश्वविद्यालय स्थापित हुआ. उनकी प्रेरणा से यह विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है. हम सभी उनके ऋणी हैं. उनके संकल्प और सपनों को साकार करना हमारा दायित्व है. गौर उत्सव को यादगार बनाने के उद्देश्य से पूरे सप्ताह कई अकादमिक-सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी. विशेष रूप से मुख्य आयोजन की जानकारी साझा करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र और शिक्षक विश्वविद्यालय के मुख्य स्तम्भ होते हैं. इसीलिये इस उत्सव में विश्वविद्यालय से जुड़े पूर्व छात्रों और पूर्व शिक्षकों के सम्मान का कार्यक्रम भी रखा गया है. उन्होंने कहा कि यह केवल विश्वविद्यालय का ही आयोजन नहीं बल्कि पूरे सागर शहर और नागरिक समाज का आयोजन है. गौर उत्सव के विविध आयोजनों में शहर और विश्वविद्यालय से जुड़े प्रत्येक नागरिक का स्वागत और अभिनन्दन है और पत्रकार बंधुओं से अपेक्षा है कि मीडिया के माध्यम से गौर उत्सव की विभिन्न गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, उनके विचारों, कार्यों और सपनों को जन-जन तक पहुचाएं. यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है.

26 नवम्बर को आयोजित मुख्य समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कन्हैया लाल जी बेरवाल (पूर्व आई.पी.एम.) एवं कुलाधिपति, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय करेंगे. विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता का सारस्वत उद्बोधन होगा. इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. संतोष कुमार को 'गौर गौरव', पूर्व छात्र एवं पूर्व निदेशक, भारतीय परमाणु प्रभाग हैदराबाद श्री पी. एस. परिहार को 'गौर रत्न' एवं पूर्व शिक्षक प्रो. संजय श्रीवास्तव एवं कुलपति, महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार को 'गौर मणि' से सम्मानित किया गया .

मुख्य समन्वयक प्रो. पी के कठल ने गौर उत्सव के आयोजन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की. कार्यक्रम का संचालन मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल ने किया. आभार सह समन्वयक प्रो. जे के जैन ने ज्ञापित किया. इस अवसर पर प्रभारी कुलसचिव डॉ एस. पी. उपाध्याय, डॉ. पंकज तिवारी, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. एस पी गादेवार, समर्थ दीक्षित तथा सागर शहर के सम्माननीय पत्रकार गण मौजूद रहे.

**20 नवम्बर से 25 नवम्बर** तक गौर समाधि प्रांगण एवं विश्वविद्यालय स्टेडियम में विश्वविद्यायालीन अन्तर-शाला प्रतियोगितायें होंगी जिसमें देशज खेल-कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई.

**20 नवम्बर** को प्रातः 10.00 बजे से T-20 मैत्री क्रिकेट मैच पत्रकार एकादश बनाम विश्वविद्यालय अधिकारी/कर्मचारी एकादश के बीच हुआ.

**21 नवम्बर** को प्रातः 11.00 बजे से T-20 मैत्री क्रिकेट मैच विश्वविद्यालय शिक्षक एकादश बनाम विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालय के शिक्षक /कर्मचारी एकादश के बीच होगा. इसी दिन प्रात: 11 बजे से सायं 3 बजे तक स्वर्ण जयंती सभागार में विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत युवा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे.

**22 नवम्बर** को T-20 मैत्री क्रिकेट का फाइनल मैच विजेता टीमों के बीच किया गया.

**21-22 नवम्बर** को 11:00 बजे से सायं 5 बजे तक विश्वविद्यालय अधिकारी/महिला महिला शिक्षक/ महिला कर्मचारी एवं महिला क्लब के सदस्यों हेतु मनोरंजक खेल, महिला खेल-कूद प्रतियोगिताअब्दुल गनी खान स्टेडियम में आयोजित किये.

**22 नवम्बर को** प्रातः 10.00 बजे से 3 बजे केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 04 के विद्यार्थियों द्वारा तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन विवि के स्वर्ण जयंती सभागार में किया गया.

**24-25 नवम्बर** को विश्वविद्यालय ओपन डे रहेगा. इन दिनों में प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक चिन्हित विद्यालयों के12वीं कक्षा के विद्यार्थी बॉटनीकल गार्डन, संग्रहालय व उपकरण केन्द्रों का भ्रमण कर सकेंगे. इसमें जंतु विज्ञान, व्यावहारिक भूगर्भशास्त्र, मानव विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास, न्यायालयिक विज्ञान के संग्रहालय भी खुले रहेंगे. साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न अत्याधुनिक विज्ञान उपकरण जैसे इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप, एक्स आर डी., आई.सी.पी.एम.एस आदि से भी परिचित हो सकें.

**25 नवम्बर को** प्रातः 11 बजे से सायंकाल 6.00 बजे तक गौर समाधि प्रांगण में 'गौर कौशल विकास मेला' का आयोजन किया गया.

**25 नवम्बर** को विवि के अभिमंच सभागार में अपराह्न 2.00 से 04.00 बजे तक पुरा-छात्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें नाइपर अहमदाबाद एवं हैदराबाद के निदेशक प्रो. शैलेन्द्र सराफ "विकास एवं पुनरुत्थान के भारतीय मानक और शोध संभावनाएं" विषय पर व्याख्यान देंगे. इसी सभागार में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा सायं 4.00 से काव्य पाठ का आयोजन किया गया.

**25 नवम्बर** को परम्परानुसार सायं 6.30 बजे कुलपति प्रो.नीलिमा गुप्ता द्वारा गौर मूर्ति तीनबत्ती पर दीप प्रज्जवलन किया जाएगा. सायं 6.00 बजे से कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की वार्ता एवं गौर गीत का प्रसारण आकाशवाणी सागर से किया.

**25 से 26 नवम्बर** तक प्रातः 11 बजे से सायं 05 बजे तक विश्वविद्यालय में जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय स्थित गौर कक्ष में गौर साहित्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है.

**26 नवम्बर को** प्रातः 8.30 बजे गौर मूर्ति तीनबत्ती पर माननीया कुलपति जी द्वारा गौर मूर्ति पर माल्यार्पण एवं उद्बोधन कार्यक्रम होगा. उद्बोधन के पश्चात् गौर शोभा यात्रा प्रारम्भ होगी जो गौर मूर्ति तीन बत्ती से (गौर अध्ययन केन्द्र एवं गौर जन्म स्थली होकर) विश्वविद्यालय प्रांगण तक पहुंचेगी. शोभा यात्रा के विश्वविद्यालय परिसर में आगमन के पश्चात गौर मूर्ति पर माल्यार्पण एवं गौर समाधि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा. इसी शाम स्वर्ण जयन्ती सभागार में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई.

### गौर जयंती पर आकाशवाणी सागर से किया गया विशेष प्रसारण

गौर जयन्ती की पूर्व संध्या 25 नवंबर सायं 6 बजे कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के उद्बोधन का आकाशवाणी सागर से विशेष प्रसारण होगा. वार्ता के पश्चात गौर गीत का प्रसारण होगा. इसी क्रम में 20 से 26 नवम्बर तक प्रतिदिन आकाशवाणी, सागर से डॉ. गौर पर 'जिंगल' (घर-घर ज्ञान का दीप जलाएं) का प्रसारण किया गया.


पत्रकार वार्ता
18 नवम्बर 2023
NAAC
गौर उत्सव
20-26 नवम्बर 2023
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)


पत्रकार वार्ता
18 नवम्बर 2023
NAAC
गौर उत्सव
20-26 नवम्बर 2023
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)








पत्रकार वार्ता
NAAC
गौर उत्सव
20-26 नवम्बर 2023
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर

## गौर उत्सव 2023: टी-20 क्रिकेट मैच में पत्रकार एकादश एवं जिला पंचायत एकादश जीते

डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में गौर उत्सव 2023 के अन्तर्गत T-20 मैत्री क्रिकेट (लेदर वॉल) 20 नवम्बर, 2023 को मैच के साथ शुरुआत हुई जिसमें पत्रकार एकादश एवं वि.वि. अधिकारी/कर्मचारी एकादश तथा दूसरा मैच सम्बद्ध महाविद्यालय






एवं जिला पंचायत एकादश के बीच खेला गया. क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी कुलपति प्रो पी के कठल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. विशिष्ट अतिथि प्रो जी एम दुबे तथा प्रो जे के जैन रहे. स्वागत भाषण निदेशक शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ विवेक बी साठे, आभार डॉ सुमन पटेल एवं संचालन महेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो सुबोध जैन, प्रो बी





आई गुरु, डॉ राजू टंडन, श्री सुशील गुप्ता, डॉ आशीष पटेरिया, डॉ अजय श्रीवास्तव, विनय शुक्ला, अनवर ख़ान, रंजन मोहंती उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 6 टीम ने भाग लिया .

पहला मैच वि वि के कर्मचारी/अधिकारी v/s पत्रकार इलेवन के बीच खेला गया, टॉस जीतकर वि वि कर्मचारी की टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 154 रन बनायें। सर्वाधिक 47 रन राहुल गिरी गोस्वामी ने एवं समर्थ दीक्षित ने 20 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछे करने उतरी पत्रकार की टीम ने 15 ओवर में 6 विकेट से जीत अर्जित कर सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया। सर्वाधिक 121 रनों की पारी मयंक ने खेली। विवि कर्मचारी/अधिकारी की ओर से सर्वाधिक 2 विकेट राजकुमार रजक ने लिये।

प्रतियोगिता का दूसरा मैच ज़िला पंचायत सागर v/s विवि शिक्षक की टीम के बीच खेला गया जिसमें ज़िला पंचायत की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में सभी विकेट खोकर 83 रन बनाये, सर्वाधिक 13 रन नीतेश ने बनाये। वि वि शिक्षक की टीम से गेंदबाज़ी करते हुए सर्वाधिक प्रदीप ने 4 विकेट, गोविंद ने 3 विकेट एवं डॉ. हिमांशु ने 2 विकेट, प्रो जी एम दुबे ने 1 लिये। लक्ष्य का पीछे करने उतरी शिक्षक की टीम 48 रन पर सिमट गई। जिला पंचायत टीम की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए पुष्पेन्द्र, शशांक एवं योगेश ने 3-3 विकेट लिये. सर्वाधिक 8 रन हिमांशु ने बनाये। मैच में अंपायर अमन दुबे, मुरली मनोहर, स्कोरर मुनेद्र, समीर , नितिन, उदय थे।



## गौर उत्सव 2023

### टी-20 क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन एवं सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश के बीच होगा फाइनल मुकाबला

### सेमीफाइनल मुकाबले में पत्रकार एकादश एवं एडवोकेट एकादश को मिली शिकस्त

डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में गौर उत्सव 2023 के अन्तर्गत क्रिकेट सेमीफाइनल मैच, विश्वविद्यालय की महिला शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों एवं महिला क्लब के सदस्यों हेतु मनोरंजक खेल, महिला खेल-कूद प्रतियोगिता अब्दुल गनी खान स्टेडियम में आयोजित की गई. सम्बद्ध महाविद्यालय एवं पत्रकार एकादश के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया।





जो काफी रोचक रहा। पूरा स्टेडियम परिसर तालियों से गूंज उठा। पत्रकार एकादश ने पहले बैटिंग करने का फैसला करते हुए 6 विकेट खोकर पत्रकार एकादश ने सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश को 129 रनों का दिया। सर्वाधिक 53 रन दिनेश ने एवं हर्षित दीक्षित ने 28 रनों का योगदान दिया । महाविद्यालय से गेंदबाज़ी करते हुए 2 विकेट सतीश सूर्यवंशी एवं राघवेंद्र, शेलू, सिद्धू,





संदीप ने 1-1 विकेट चटकाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 19वें ओवर मे 9 विकेट खोकर 130 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया और फाइनल में जगह बनाई। । इस मैच में समीर ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए. पत्रकार की ओर सर्वाधिक 3 विकेट दिनेश ने एवं अतुल ने 2 विकेट ने लिये।

दूसरा सेमीफाइनल सागर जिला प्रशासन और एडवोकेट एकादश के बीच में खेला गया। जिला प्रशासन एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहली पारी में टीम ने 6 विकेट के नुक़सान पर 147 रन का लक्ष्य दिया। टीम के हेमंत ने 70 रनों की नाबाद पारी खेली. एडवोकेट एकादश के गेंदबाज मनोज पांडेय ने लगातार 2 गेंदों पर 2 विकेट चटकाए। इस मैच में जिला प्रशासन की टीम ने 17 रनों से जीत हासिल करते हुए फाइनल में पहुँच गई है. पूरे मैच के दौरान दर्शकों की टकटकी स्टेडियम के खिलाड़ियों की ओर लगी रही। मैच में अंपायर महेंद्र कुमार, विनय शुक्ला स्कोरर नरेंद्र उईके, अमन दुबे, नितिन, मोनेन्द्र रहे.

## म्यूजिकल चेयर और रस्साकशी का हुआ रोमांचक मुकाबला

अब्दुल गनी खान स्टेडियम में मनोरंजक खेल एवं महिला खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय की महिला शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों एवं महिला क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत म्यूजिकल चेयर व रस्साकशी खेल का आयोजन किया गया। दोनों ही खेल, मनोरंजक व रोमांचकारी रहे। म्यूजिकल चेयर में महिला क्लब की





सदस्या श्रीमती सरोज को तृतीय स्थान, अनीता सोनी को द्वितीय स्थान व श्रीमती वेनुका को प्रथम स्थान मिला। रस्सा कसी प्रतियोगिता विवि महिला क्लब, विवि शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की मिश्रित टीम  के बीच हुई जो तीन चरणों में संपन्न हुआ। पहला चरण टीम बी ने जीता। दूसरे चरण में टीम ए विजयी रही. फाइनल राउंड में टीम बी ने जीत हासिल की. विजेता टीम में अनीता सोनी, स्वेता जैन, प्रो अस्मिता गजभिये, डॉ सुमन पटेल, ओमिका सिंह, कांति, डॉ रेखा गर्ग, दीप्ति बंसल थीं। अंपायर डॉ सुमन पटेल, अनवर ख़ान, थे. सभी खेलों के दौरान कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ विवेक बी. साठे, समन्वयक डॉ. सुमन पटेल, चिकत्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन व बी. टी. इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस के प्रधानाचार्य डॉ. राजू टंडन उपस्थित रहे।



## गौर उत्सव 2023

### टी-20 क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन एकादश ने जीता फाइनल मुकाबला

### नीतेश शर्मा को 'मैन ऑफ़ द मैच'

सागर. डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में गौर उत्सव 2023 के अन्तर्गत मैत्री क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश और जिला प्रशासन एकादश के बीच खेला गया. मैच के प्रारंभ में प्रभारी कुलसचिव डॉ. एस पी उपाध्याय, विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड के चेयरमैन प्रो. गिरीश मोहन दुबे, प्रो सुबोध जैन, डॉ विवेक बी साठे, प्रो. आर के त्रिवेदी, डॉ सुरेंद्र गादेवार, पूर्व प्राचार्य डॉ सुनील श्रीवास्तव, डॉ सुमन पटेल, डॉ राजू टंडन, आर के पाल, समर्थ दीक्षित, संदीप





तिवारी ने दोनों टीमो के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया. जिला प्रशासन एकादश ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. पहला विकेट जल्द गंवाने के बाद दूसरे विकेट के लिए सर्वाधिक अवनीश ज़ारौलिया ने 10 चौंके और 1 छक्के के साथ 71 रन की पारी खेली एवं नीतेश शर्मा ने 5 चौके और 1 छक्के के साथ 40 रन बनाये. जिला प्रशासन ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 183 रन बनाये. सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए गजेंद्र ने 3 विकेट, राघवेंद्र, समीर, गौरव ने 1-1 विकेट लिये. लक्ष्य का पीछा करने उतरी सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश 16 ओवर में 126 रन पर सिमट गई. सर्वाधिक 40 रनों की पारी सिद्धार्थ ने खेली. समीर ने 17 रनों का योगदान दिया. जिला प्रशासन टीम की ओर से खेल रहे नितेश शर्मा ने फाइनल मुकाबले में टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक ली. 17वें ओवर की तीसरी गेंद पर अवनीश ने 126 के स्कोर पर आखिरी बल्लेबाज को आउट किया और जिला प्रशासन ने इस फाइनल मुकाबले में 57 रन से जीत हासिल की. 'मैन ऑफ़ द मैच' नीतेश शर्मा रहे जिन्होंने 40 रन एवं गेंदबाज़ हेट्रिक बनाई. मैच के निर्णायक महेंद्र कुमार, विनय शुक्ला रहे. स्कोरर नरेंद्र उईके, अमन दुबे, मोनेन्द्र, नितिन रहे.



### रोमांचक रही विश्वविद्यालय महिला वर्ग की पिट्टू प्रतियोगिता

पिट्टू प्रतियोगिता विश्वविद्यालय महिला क्लब, विश्वविद्यालय शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की मिक्स टीम ए और बी टीम के मध्य आयोजित हुई. जिसमें टीम बी विजेता रही. विजेता टीम में गीता, कुंदन , प्रो अस्मिता गजभिये, डॉ रश्मि सिंह, ओमिका





सिंह, मेघा, शिवानी तोमर थे. उपविजेता टीम में डॉ सुमन पटेल, डॉ रेखा, अनुराधा, वेणुका, सरोज, अनीता, कांति आदि रहीं. अंपायर के रूप में अनवर ख़ान, समीर, उन्नति रहे.

### गौर उत्सव के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-4 का वार्षिक उत्सव मनाया गया

डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर द्वारा संचालित केन्द्रीय विद्यालय सागर क्रमांक-4 में गौर उत्सव के अंतर्गत विद्यालय का वार्षिक उत्सव विश्वविद्यालय परिसर के स्वर्ण जयंती सभागार में मनाया गया। गौर उत्सव का आयोजन बेहद सफल एवं उद्ददेश्यपूर्ण रहा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि प्रभारी कुलपति प्रो.वाय.एस.ठाकुर जी एवं विशिष्ट अतिथि श्री






अरुण कुमार सिंह प्रधान जिला न्यायाधीश सागर, श्री मनीष भट्ट जिला न्यायाधीश/सचिव विविध सेवा प्राधिकरण सागर एवं श्री आलोक मिश्रा जी प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सागर, विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष प्रो. पी.के.कठल एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। अतिथि आगमन के पश्चात् अतिथियों का स्वागत एवं वंदन किया गया। सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेन्द्र सिंह वर्मा नें सभी अतिथियों का स्वागत हरित पौध देकर एवं विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने डॉ गौर की जीवनी एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को गौर गीत एवं भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक नृत्य के अंतर्गत लहरा दो, लावरी नृत्य छत्तीसगढ़ी नृत्य एवं राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। एकल नृत्य, शिव तांडव स्त्रोत ने कार्यक्रम का

समा बांध दिया। सोशलस मीडिया नाटक नें वाह-वाही लूट कर मंत्र मुग्ध कर दिया। रामलीला नृत्य नाटिका की जीवंत प्रस्तुति को सभी अतिथियों और दर्शकों ने जय श्रीराम घोष के साथ तालियों से सराहा गया। विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने सभी को संबोधित कर जीवन में आगे बढ़ने का मूल मंत्र साझा किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति संगीत शिक्षिका श्रीमति शारदा प्रजापति के निर्देशन में तैयार किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक श्री मनोज कुमार नेमा, आनदं जैन एवं फरखंदा बेगम द्वारा किया गया। विद्यार्थी वर्ग की तरफ से कार्यक्रम का संचालन तनिष्क नंदनवार और उनकी टीम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमति रंजना वर्मा द्वारा किया गया।














# गौर उत्सव: स्कूली विद्यार्थियों ने किया संग्रहालयों एवं विज्ञान उपकरण केन्द्रों का भ्रमण

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में गौर उत्सव 2023 के अन्तर्गत में ओपन डे तहत उत्कृष्ट विद्यालय एवं आर्मी पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बॉटनिकल गार्डन, संग्रहालय व उपकरण केन्द्रों आदि का भ्रमण किया. विद्यार्थियों ने जंतु विज्ञान, व्यावहारिक भूगर्भशास्त्र, मानव विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास, न्यायालयिक विज्ञान के





संग्रहालयों का भी भ्रमण किया. साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न अत्याधुनिक विज्ञान उपकरण जैसे इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप, एक्स आर डी., आई.सी.पी.एम.एस आदि से भी परिचित हुए. प्रो देवाशीष बोष एवं एनी शिक्षकों ने भ्रमण पर आए छात्रों को विभाग में संचालित कोर्स एवं प्रयोगशाला में में उपयोग आने वाले उपकरणों से सम्बंधित जानकारियां दी. प्रो. दीपक व्यास ने विभिन्न वानस्पतिक प्रजातियों एवं उसकी उपयोगिता से विद्यार्थियों को अवगत कराया. डॉ गौरव सिंह ने संग्रहालय भ्रमण के दौरान भूगर्भशास्त्र विभाग में हो रहे शोधों एवं प्रयोगों से छात्रों को अवगत कराया. इसके साथ ही जंतु विज्ञान, मानव विज्ञान संग्राहलयों के भ्रमण के दौरान विद्यार्थी प्रदर्शन के लिए रखी गई वस्तुओं से अवगत हुए और विभाग में संचालित पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त की. वैज्ञानिक शोध में उपयोगी उपकरणों एवं उसके उपयोग की प्राविधि इत्यादि से भी विद्यार्थी परिचित हुए.









## प्रतिभाओं की अभिव्यक्ति का मंच है गौर कौशल विकास मेला- कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता

### गौर-प्रांगण में आयोजित हुआ डॉ. गौर कौशल विकास मेला

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में गौर उत्सव 2023 के अन्तर्गत में गौर समाधि प्रांगण में 'गौर कौशल विकास मेला' का उद्घाटन कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता द्वारा किया गया. इस अवसर पर नोडल अधिकारी प्रो सुशील कुमार काशव ने बताया कि कम्युनिटी कॉलेज स्वरोजगारमुखी पाठयक्रम के अंतर्गत 19 कोर्स का संचालन करता है. उन्होंने बताया कि इस





बार विद्यार्थियों द्वारा 20 स्टॉल लगाये गए हैं जिनकी समस्त सामग्री विद्यार्थी स्वयं निर्मित करते हैं. विक्रय में प्राप्त राशि विद्यार्थियों को दी जाती है। इस अवसर पर कुलगुरू प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि कम्युनिटी कॉलेज स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास कर रही है। विभिन्न कोर्स में 600 से अधिक विधार्थी अलग-अलग क्षेत्र में स्वरोजगार कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि मेले को बड़ा स्वरूप प्रदान किया जाये। आने वाले समय में कौशल विकास मेले में निजी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय सहित आसपास के सभी महाविद्यालयों को अवसर दिया जाएगा. हमारा प्रयास है कि अच्छी गुणवत्ता की सामग्री कम कीमत पर लोगों तक पहुंचाया जा सके. गौर उत्सव समन्वयक प्रो पी. के. कठल ने कम्युनिटी कॉलेज के विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की. कार्यक्रम में प्रो. रत्नेश दास, डॉ. राकेश सोनी, प्रो. जे. के. जैन, डॉ. जी. के. तिवारी, डॉ सर्वेद यादव, डॉ. नीरज उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.






स्टॉल में मनोविज्ञान विभाग के छात्रों ने आई क्यू टेस्ट, सहित विभिन्न उपकरण की मदद से व्यक्तित्व नेचर की जानकारी दी। इसके साथ मशरूम उत्पाद, फैशन डिजाइनिंग के तीन स्टॉल लगाये गये जिसमें सलवार, कुर्ते, ज्वैलरी सहित अन्य सामग्री मौजूद थी. हस्तनिर्मित आकर्षक घड़ियां, एलोवेरा साबुन, नीम, तुलसी एवं पपीते से बनी वस्तुओं के अलावा मुनगा पाउडर, टैबलेट्स, पोषण से भरपूर अनेक खाद्य पदार्थो की बिक्री की गई। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्टाल लगाए गये. इको फ्रेंडली वस्तुएं जैसे जूट निर्मित ड्रेस, कांच की बोतलों पर जूट की कलाकृति एवं जूट से बनी विभिन्न प्रकार की वस्तुएं, गोबर से निर्मित घड़ियां, माला, धूप बाती, स्टैंड ,पानी में तैरते गोबर दीए इत्यादि आकर्षण का केंद्र रहे.











**डॉ. गौर द्वारा किये गए पुनीत कार्यों और उनके विचारों को अमल में लायें- कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता**

**समूचा बुंदेलखंड डॉ. गौर का सदैव ऋणी रहेगा- कलेक्टर दीपक आर्य**

गौर उत्सव के तहत सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के उदघाटन के अवसर पर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता, जिला कलेक्टर दीपक आर्य, समन्वयक प्रो. पी के कठल, प्रभारी कुलसचिव डॉ. एस पी उपाध्याय, बीटीआईआरटी कॉलेज के प्राचार्य एवं महाविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. राजू टंडन, सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित थे. इस अवसर पर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. गौर की प्रेरणा से यह विश्वविद्यालय आगे बढ़ रहा है. सम्बद्ध महाविद्यालय विश्वविद्यालय की एक इकाई की ही तरह हैं. महाविद्लायों द्वारा संयुक्त रूप सुन्दर एवं भव्य रूप से किया गया यह आयोजन डॉ. गौर के प्रति सच्ची भावना का प्रतीक है. हम उनके जन्मदिन पर संकल्प लें कि डॉ. गौर द्वारा किये गए पुनीत कार्यों और उनके विचारों को संजोकर रखें और उनके बताये गये मार्ग पर चलें.

कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा कि डॉ. गौर ने इस विश्वविद्यालय को स्थापित किया था. उनके द्वारा सृजित ज्ञान का यह अभिनव केंद्र है. समूचा बुंदेलखंड उनका सदैव ऋणी रहेगा. हम उनके पद चिन्हों और आदर्शों पर चलकर अपने जीवन और समाज को और बेहतर बनाएं. उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहते हुए हम समाज में बेहतरी का कार्य करें. इस अवसर पर गौर उत्सव के तहत आयोजित हुए क्रिकेट मैच के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये गए. कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशुतोष ने किया.

**शास्त्रीय गायन, नृत्य एवं देशभक्ति गीतों ने बांधा समां**

**संबद्ध महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति**

गौर उत्सव के तहत सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने स्वर्ण जयन्ती सभागार में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं. बाबू लाल ताराबाई इस्टीटयूट ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, एकल नृत्य सत्यम् शिवम् सुन्दरम् , नौरता (ग्रुप मंडल), कालवेलिया, सेमी क्लासिकल डांस, एकल नृत्य-नगाड़े संग ढोल बाज, एकल गायन- आरम्भ है प्रचन्ड की प्रस्तुति दी. सुंदरलाल श्रीवास्तव महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने एकल डांस ऐसा देश है मेरा, ग्रुप डांस- बोल (चौधरी ग्रुप डांस), एकल

नृत्य-मंगल बेला की प्रस्तुति दी. टाइम्स कॉलेज दमोह के विद्यार्थियों ने महा–रास, थीम डांस, भरत-नाट्यम की प्रस्तुति दी. पं. बृजकिशोर पटैरिया महाविद्यालय मालथौन के विद्यार्थियों ने नौरता नृत्य, घूमर नृत्य, एकल नृत्य की प्रस्तुति दी. ओमश्री महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने समूह गायन-गौर अमृत वाणी से समा बांधा.

### केन्द्रीय पुस्तकालय में लगाईं गई गौर साहित्य प्रदर्शनी

गौर उत्सव के तहत गौर पीठ और केंद्रीय पुस्तकालय के संयुक्त तत्वावधान में गौर साहित्य प्रदर्शनी लगाईं गई जिसका उद्घाटन कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ गौर के साहित्य और विरासत को संवारने के









लिए गौर पीठ के माध्यम से प्रयास किए जाएंगे. इस अवसर पर प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत, प्रो. पी के कटहल, प्रो. यू के पाटिल, प्रभारी कुल सचिव डॉ. एस पी उपाध्याय, डॉ. मुकेश साहू सहित कई अन्य उपस्थित रहे.

### ओपन डे के तहत 400 से अधिक विद्यार्थियों ने संग्रहालय और वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं का किया भ्रमण

ओपन डे के तहत दूसरे दिन ज्ञान सागर डिग्री कॉलेज, पारस विद्या विहार, वात्सल्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सीएम राइज स्कूल, नरयोवाली, पंडित रविशंकर शुक्ल, ज्ञान सागर डिग्री कॉलेज के 400 से अधिक छात्रों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न संग्राहलयों, अत्याधुनिक विज्ञान उपकरण केन्द्रों का भ्रमण किया.






## वैश्विक ज्ञान की संभावनाओं का मूल भारतीय ज्ञानपरंपरा में निहित है- प्रो. सर्राफ

विवि के अभिमंच सभागार में पुरा-छात्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें नाइपर अहमदाबाद एवं हैदराबाद के निदेशक प्रो. शैलेन्द्र सराफ "विकास एवं पुनरुत्थान के भारतीय मानक और शोध संभावनाएं" विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि आत्म मंथन का समय है. देश के शिक्षण संस्थाओं को रिसर्च इकोसिस्टम बनाना होगा. ज्ञान और मानव संपदा होते



हुए भी हम शोध में पीछे रह जाते है. हमें देशज ज्ञान ज्ञान को आगे बढ़ाते हुए समाज की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कार्य करना होगा. उन्होंने कहा कि पुरा छात्रों का यह आयोजन अद्भुत है लेकिन हमें अपने पूर्व छात्रों जुड़ने के लिए कनेक्टिंग मैकेनिज्म पर कार्य करना होगा इसके जरिये हम अधिक समृद्ध होंगे. संस्थान मौजूदा समय में रेंकिंग प्रणाली के शिकार हैं.




जबकि हमारे देश में ज्ञान और सृजन की प्रतिष्ठित परम्परा रही है. हमें अपने प्राचीन ज्ञान परम्परा से सीखने की आवश्यकता है.

## पुरा विद्यार्थी किसी भी संस्थान की नींव होते हैं- कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता

कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि हमें बचपन से ही बच्चों को विज्ञान एवं शोध के प्रति जागरूक करना चाहिए. शोध की दिशा में आरंभिक भावना रहने से विद्यार्थी उस दिशा में आगे बढ़ सकेगा. उन्होंने संस्थान के पुरातन विद्यार्थियों से आवाहन करते हुए कहा की संस्थान के उत्तरोत्तर प्रगति में आप सबका महती योगदान महत्त्वपूर्ण है. बिना पूर्व विद्यार्थियों के कोई भी संस्थान अपनी उच्चतर अकादमिक उन्नति को नहीं प्राप्त कर सकता. डॉ. गौर इस बात के लिए सदैव प्रयासरत रहे. उन्होंने गौर उत्सव के तहत चल रहे शैक्षणिक भ्रमण का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय







का यह प्रयास है कि विद्यार्थियों के अन्दर शोध की भावना जागृत हो. हमारा दायित्व है कि हम शोध की सम्भावना को बढायें ताकि विदेश जाने वाली प्रतिभाओ का पालन न हो.

## डॉ. गौर की स्मृति को काव्यांजलि के माध्यम से नमन

विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में गौर जयंती के उपलक्ष्य में डॉ. गौर की स्मृति एवं योगदान पर आधारित विभिन्न स्वरचित कविताओं का काव्य पाठ विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया. इस अवसर पर प्रो. नवीन कांगो, डॉ. राजेंद्र यादव, डॉ. हिमांशु कबीर, डॉ. आशुतोष इत्यादि लोगो की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## विश्वविद्यालय की कीर्तियात्रा में सहभागी बन डॉ. गौर के प्रति कृतज्ञता के पुष्प अर्पित करें- कुलपति

### गौर जयंती के अवसर पर कुलपति प्रो. नीलिमा ने तीनबत्ती पर किया संबोधित

महान दानवीर, विधिवेत्ता एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संस्थापक सर डॉ हरीसिंह गौर की 154वीं जयन्ती के अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने सागर शहर के तीनबत्ती पहुँचकर डॉ. गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सभा को संबोधित किया. उन्होंने जागतिक पुरुषार्थ के कीर्ति स्तम्भ और बुन्देली संकल्प के अद्वितीय नायक डॉ. सर हरीसिंह गौर की जयंती पर सभी नगरवासियों का अभिनन्दन करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं.






उन्होंने कहा कि आज का दिन बुन्देलखण्ड ही नहीं समूचे भारतवर्ष के लिए ज्ञान के संधान का दिन है। आज के ही दिन इस धरा-धाम पर डॉ. गौर के रूप में ज्ञान-दान का अप्रतिम सूर्योदय हुआ था। जो आगे चलकर पूरे बुन्देलखण्ड की उज्ज्वल पहचान बन गया। उन्होंने डॉ. गौर के जीवन-कर्म को रेखांकित करते हुए कहा कि डॉ. गौर का जीवन और कर्म हम सबके लिए एक सबक है। वे पढ़ना चाहते थे. एक महान संकल्प में बदलते हुए अपने सागर में विश्वविद्यालय के रूप में ज्ञान का एक महान स्थापत्य खड़ा कर दिया है। कहा जाता है कि उस समय सागर में स्याही तक नहीं मिलती थी। यहाँ के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता था। शैक्षिक दृष्टि से सागर अत्यंत पिछड़ा हुआ था। पर अपनी मातृभूमि के प्रति लगाव और प्रेरणा के चलते डॉ. गौर ने अपनी समूची पूँजी का दान कर 1946 में विश्वविद्यालय की स्थापना कर अपने तरह का एक अभिनव कीर्तिमान रच दिया।



आज हमारे पास अवसर है, एक बड़ा और सफल उदाहरण है कि हम चाहें तो अपनी समस्याओं को संकल्प में, अभाव को समृद्धि में और हीनताबोध को सकारात्मकता में बदलने की प्रेरणा महामनीषी डॉ. हरीसिंह गौर से ले सकते हैं। डॉ. हरीसिंह गौर ने ज्ञान का जो एक पौधा रोपा था, वह अब ज्ञान के एक विशाल कल्पवृक्ष में रूपान्तरित हो चुका है। प्रगति और उन्नयन की अनेक उपलब्धियाँ विश्वविद्यालय के साथ जुड़ती जा रही हैं। अभी हाल में ही विश्वविद्यालय ने नैक मूल्यांकन में ए + ग्रेड प्राप्त कर अपनी अकादमिक पहचान को और अधिक समृद्ध किया है।

उन्होंने विश्वविद्यालय के निरंतर प्रगति को साझा करते हुए कहा कि ज्ञान-विज्ञान और शोध के क्षेत्र में अन्यतम उपलब्धियों के साथ ही हम वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुकूल श्रेष्ठ विद्यार्थी एवं संवेदनशील नागरिक तैयार करने की दिशा में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में मेरा प्रयास है कि मैं डॉ. हरीसिंह गौर के सपनों के अनुकूल इस अकादमिक

संस्थान को प्रगति-पथ पर गतिमान कर सकूँ। आज हमारा विश्वविद्यालय योग्यतम शिक्षकों, प्रखरतम अधिकारियों, कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों और चेतनावान विद्यार्थियों के श्रेष्ठतम संयोजन के साथ विश्व-पटल पर अपनी पहचान बना रहा है। विश्वविद्यालय के इस आरोहण में हमारे संस्थापक डॉ. गौर का आशीर्वाद रौशनी की तरह हमेशा विद्यमान रहा है। उन्होंने समस्त नागरिकों से विश्वविद्यालय की कीर्तियात्रा में सहभागी बनने की अपील करते हुए कहा कि हम सभी अपने निजी हितों को सहयोग में और अपनी भावना को कर्म में रूपान्तरित कर अपने गौर साहब के प्रति अपनी कृतज्ञता के पुष्प अर्पित करें।

### तीनबत्ती से निकली डॉ. गौर की भव्य शोभायात्रा

परम्परानुसार शहर के तीनबत्ती से बैंड बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकली जो प्रमुख मार्गों से होती हुई विश्वविद्यालय पहुँची. इस दौरान शहर के नागरिक, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी और आमजन इस शोभायात्रा का हिस्सा बने. शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ.

### गौर प्रांगण में हुआ मुख्य समारोह

महान दानवीर, विधिवेत्ता एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संस्थापक सर डॉ. हरीसिंह गौर की 154वीं जयन्ती के अवसर पर विश्वविद्यालय के गौर प्रांगण में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा डॉ. गौर के तैल चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ मुख्या समारोह प्रारम्भ हुआ. संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं गौर गीत की प्रस्तुति दी. विशिष्ट अतिथियों के रूप में विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. संतोष कुमार, पूर्व छात्र एवं पूर्व निदेशक ए.एम.डी. हैदराबाद पी एस परिहार, पूर्व शिक्षक एवं मोतिहारी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव मंचासीन थे. सारस्वत उद्बोधन





विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व आईपीएस कन्हैया लाल बेरवाल ने की. गौर उत्सव के समन्वयक प्रो. प्रदीप कुमार कठल ने गौर उत्सव-2023 का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया.

### डॉ गौर ने अविकसित क्षेत्र को शिक्षा का उपहार दिया - कुलाधिपति

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कन्हैया लाल बेरवाल अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. गौर की जीवन यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि डॉ. गौर शिक्षाविद के साथ-साथ एक महान समाज सुधारक भी थे। छुआछूत जैसी अमानवीय परंपराओं का विरोध किया. बुंदेलखंड जैसे अविकसित क्षेत्र को शिक्षा का उपहार दिया। आज देश के कोने-कोने से विद्यार्थी यहां शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। हम शिक्षकों का दायित्व है कि हम विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करें। जिस प्रकार डॉ. गौर ने निजी संपत्ति से विश्वविद्यालय की स्थापना की उसी प्रकार यहां से शिक्षा प्राप्त छात्रों को उनका अनुसरण करना चाहिए। जीवन में आप जो भी




सीखें उसे समाज के उत्थान के लिए प्रयोग करें। एक संस्कारवान विद्यार्थी के निर्माण के लिए उसे उत्कृष्ट शिक्षा दिया जाना अनिवार्य है। डॉ. गौर ने पढने के लिए सागर छोड़ा था. समाज के उत्थान और शिक्षा के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया. भारतीय संविधान के निर्माण में उनका अप्रतिम योगदान है. उन्होंने बहुत से ऐसे कानूनों के निर्माण में सहयोग दिया जिनसे समाज के वंचित वर्गों का कल्याण हुआ.

### डॉ. गौर का जीवन और कर्म हम सभी के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है- कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता

सारस्वत उद्बोधन देते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने शैक्षिक एवं सामाजिक क्रांति के अनन्य नायक एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ. सर हरीसिंह गौर जी की 154वीं जयंती पर शुभकामनाएँ दीं. उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे विश्वविद्यालय के लिए ही नहीं बल्कि पूरे बुन्देलखण्ड और समूचे देश के लिए चेतना का महोत्सव है। आज का यह दिन अज्ञान पर ज्ञान का, नकारात्मकता पर सकारात्मकता का और समस्याओं पर मनुष्य के पुरूषार्थ के विजय का प्रतीक है। डॉ.




गौर ने अपने अटल इरादों से उन्होंने अपनी अति सामान्य सी लगने वाली जिन्दगी को एक असाधारण अफसाने में बदल दिया। सबसे ऊपर मनुष्य का सत्य है, उससे ऊपर कुछ भी नहीं। गौर साहब ने अपने कर्म से यह सिद्ध कर दिया था। गौर साहब ने जीवन की मुश्किलों सामने कभी घुटने नहीं टेके। पढ़ाई के लिए अथक संघर्ष करते रहे। अपनी जय-यात्रा में उन्होंने अपने समय की सर्वाधिक प्रतिष्ठित डिग्री और उपाधियाँ प्राप्त कीं। सागर, जबलपुर, नागपुर से होते हुए वे कैम्ब्रीज विश्वविद्यालय को भी उन्होंने अपनी प्रतिभा से चकित किया। गौर साहब उन सबके लिए रोशन स्तम्भ की तरह हैं जिनकी आँखों में कोई ख्वाब पलता है, जिनके मन में मनुष्यता के अभिनव सौन्दर्य का स्वप्न पलता है। डॉ.गौर ने शिक्षा, दर्शन, साहित्य, विधि, राजनीति आदि क्षेत्रों में अपनी नवोन्मेषी चेतना के चलते अनेक विषिष्ट उपलब्धियों को प्राप्त किया और वैश्विक स्तर पर अपने समय के चर्चित महानुभावों की प्रशंसा और सम्मान प्राप्त किया।




डॉ. गौर का सम्पूर्ण जीवन साधारण के असाधारण बनने की जय-गाथा है। बचपन में पढ़ाई-लिखाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें सागर छोड़ना पड़ा था। अपनी मातृभूमि और परिवार से बिछड़ने की पीड़ा लिये वे देश-विदेश फिरते रहे। अपने उन्हीं बेचैन दिनों में उन्होंने संकल्प लिया था कि सागर में एक विश्वस्तरीय

विश्वविद्यालय खोलेंगे। और फिर यश, समृद्धि और प्रतिष्ठा के शिखर पर विराजमान उस महामानव ने 18 जुलाई, 1946 को अपनी सम्पूर्ण निजी सम्पत्ति का दान कर सागर विश्वविद्यालय की स्थापना कर दिया।

मैं अपने विद्यार्थियों से कहना चाहती हूँ कि वे गौर साहब के जीवन को देखें और सीखें कि एक अकेले व्यक्ति के दुःख से उपजा संकल्प कैसे मनुष्यता के महान स्वप्न में बदल जाता है। आप डॉ. हरीसिंह गौर जैसे आधुनिक युग के ज्ञान-ऋषि की तपस्या से सृजित संस्थान में अध्ययन कर रहे हैं। इसलिए आपकी जिम्मेदारी बड़ी है। आपका आचरण, आपकी सजगता, अनुषासन, अध्ययन, शोध और चिन्तन के क्षेत्र में आपकी उपलब्धियाँ हमारे विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा का वाहक बनेंगे और डॉ. गौर के संकल्पों के प्रति कृतज्ञता होंगे।



उन्होंने कहा कि आज हमारा विश्वविद्यालय अपने श्रेष्ठ शिक्षकों, योग्य अधिकारियों, कर्मठ कर्मचारियों तथा संस्कारी विद्यार्थियों के प्रेरक समन्वय साथ निरन्तर प्रगति की ओर उन्मुख है। हमें इस बात का गर्व है कि हम डॉ. गौर जैसे मसीहा के सपनों के सिपाही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा विश्वद्यिालय अपने विद्यार्थियों को रचनात्मक, नवोन्मेषी और गतिशील शैक्षणिक परिवेश देने के लिए अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से परम्परा और आधुनिकता के तार्किक समन्वय के साथ निरन्तर सक्रिय है। हम शैक्षिक नवाचार, प्रशासनिक दक्षता एवं अकादमिक दृढ़ता के साथ ज्ञान-विज्ञान की वैष्विक दुनिया और भविष्य की चुनौतियों के समक्ष स्वयं को एक सक्षम विकल्प के रूप में तैयार करने हेतु संकल्पित हैं।

उन्होंने कहा की विश्वविद्यालय में आज 25 राज्यों के विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं. हमारे शिक्षकों द्वारा लिखित पुस्तकों का विमोचन माननीय प्रधानमंत्री ने अभी हाल ही में किया. उन्होंने शिक्षकों को मिले सम्मान, पेटेंट और अनेकानेक उपलब्धियों को साझा किया. उन्होंने कहा कि इसी वर्ष नैक मूल्याकंन में हमारे विश्वविद्यालय ने ए + ग्रेड प्राप्त कर अपनी अकादमिक श्रेष्ठता की एक नई इबारत लिखा है। हमारा विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के चतुर्दिक विकास हेतु अपनी अकादमिक प्रतिबद्धता और अपने सामाजिक सरोकारों को नये सिरे से मूल्यांकित , सृजित और विस्तृत कर रहा है।

### अतिथियों ने किया पुस्तकों का विमोचन एवं पुरस्कार वितरण, मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत

मंचासीन अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा लिखित पुस्तकों का विमोचन किया गया. विभिन्न कक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी मंचासीन अतिथियों ने पुरस्कृत किया. गौर उत्सव सप्ताह के विभिन्न आयोजनों के विजेताओं





को मंचासीन अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया. समारोह के अंत में ललित कला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग के छात्र/छात्राओं द्वारा बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई. संचालन डॉ. ललित मोहन ने किया. धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव डॉ. सत्यप्रकाश उपाध्याय ने किया.


















## अतिथियों ने किया गौर मूर्ति पर माल्यार्पण, गौर समाधि पर हुआ पुष्पांजलि कार्यक्रम

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कन्हैया लाल बेरवाल, कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता एवं सभी अतिथियों ने गौर मूर्ति पर माल्यार्पण किया. एनसीसी विद्यार्थियों द्वारा गार्ड ऑफ़ आनर दिया गया. सभी अतिथियों ने गौर समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की.











## संविधान की उद्देशिका का हुआ वाचन

संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उद्देशिका का वाचन करते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने संविधान के प्रति आस्थावान रहने की शपथ दिलाई.






## कुलपति ने कुलाधिपति को सौंपा गौर धरोहर का मंगल कलश

कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा कुलाधिपति श्री बेरवाल को गौर धरोहर का मंगल कलश अभ्यर्पण किया गया.





## पूर्व छात्र, पूर्व शिक्षक एवं पूर्व कुलपति को गौर-गौरव, गौर रत्न, गौर मणि देकर किया सम्मानित

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि प्रो. संतोष कुमार को गौर-गौरव सम्मान, श्री पी.एस. परिहार को गौर रत्न एवं प्रो. संजय श्रीवास्तव को गौर मणि सम्मान से सम्मानित किया गया.







## डॉ. गौर स्वास्थ्य परामर्श केंद्र का उद्घाटन, प्रत्येक बुधवार को शहर के निवासी ले सकेंगे स्वास्थ्य परामर्श

गौर जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय की तरफ से शहर वासियों के लिए डॉक्टर गौर स्वास्थ्य परामर्श केंद्र का उद्घाटन कटरा बाजार स्थित गौर अध्ययन केंद्र पर माननीय कुलपति महोदय द्वारा किया गया. इस केंद्र के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श परीक्षण स्वास्थ्य काउंसलिंग स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे जिसका लाभ सभी शहरवासी प्रत्येक बुधवार प्राप्त कर सकते हैं. विश्वविद्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक जैन ने बताया इस केंद्र मे विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र की विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श देंगे. उद्घाटन के बाद डॉक्टर गौर स्वास्थ्य परामर्श केंद्र में कुलपति महोदय ने स्वयं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया. साथ ही लगभग 50 मरीजों की जांच डॉ अभिषेक जैन एवं डॉक्टर भूपेंद्र पटेल द्वारा की गई साथ ही निशुल्क परामर्श के साथ-साथ सिरम यूरिक एसिड एवं ब्लड ग्लूकोस की भी जांच की गई.



माननीय कुलपति द्वारा इस केंद्र को और अधिक विकसित करने हेतु निर्देश दिए गए हैं. इस अवसर पर प्रभारी कुल सचिव सपा उपाध्याय, गौर जयंती के मुख्य समन्वयक डॉक्टर पीके कठल, अध्ययन केंद्र प्रभारी प्रदीप तिवारी, प्रो. जेके जैन श्री, सतीश कुमार, मुकेश साहू, डॉ. भूपेंद्र पटेल, भगत सिंह जयप्रकाश आदि के साथ-साथ सभी शहरवासी और विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे.

## विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में परामर्शन सेवा केंद्र का शुभारंभ

विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में विश्वविद्यालयीन मनौवैज्ञानिक परामर्श केंद्र का उदघाटन कुलाधिपति श्री कन्हैया लाल बेरवाल एवं कुलपति प्रो.नीलम गुप्ता जी के कर कमलों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति श्री कन्हैया लाल जी ने कहा कि मनोवैज्ञानिक परामर्श हमेशा से मानवीय मूल्यों को सवांरता रहा है, और आज का विषय जहाँ एक और तनाव को प्रबंधित करने पर बल देगा, साथ ही मनोविज्ञान विपरीत परिस्थितियों में कैसे प्राथमिक उपचार के रूप में कार्य केंद्रित करते हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता ने कहा कि हम जो कुछ भी अनुभव करते है , वह सब कुछ मनोविज्ञान के दायरे में है ,हम अपने मन और मस्तिष्क और



सम्पूर्ण व्यक्तित्व को समझ पाते है तो समस्याएं स्वतः समयोजित की जा सकती है। तनाव जीवन की मांगों के लिए एक मनोवैज्ञानिक और शारीरिक प्रतिक्रिया है, हालांकि निरंतर चुनौतियों के कारण अत्यधिक तनाव आपको इससे निपटने की क्षमता को क्षीण कर सकता है। इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर पर मनौवैज्ञानिक परामर्श केंद्र की स्थापना होने से,उन्हे अपनी समस्याओं और चुनौतियों से निकलने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर प्रभारी कुलसचिव सत्य प्रकाश उपाध्याय,प्रो उमेश पाटिल, प्रो.जे.के.जैन, कुलानुशासक प्रो.चंदा बैन,डॉ. किरण माहेश्वरी, डॉ. शारदा विश्वकर्मा, डॉ. देवकी नंदन शर्मा, शोधार्थी सुश्री अर्चना चौधरी, श्री अनुराग शुक्ला, श्री अमित कुमार एवं स्नातक और स्नातकोत्तर के कई विद्यार्थी उपस्थित रहे.







महामनीषी एवं कुलपिता
को
गौर जयंती पर शत शत नमन




महामनीषी एवं कुलपिता
को
गौर जयंती पर शत शत नमन


नीषी एवं कुलपिता
को







# डॉ. गौर के संकल्प से आलोकित है बुंदेलखंड : कुलपति

## गौर जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित गौर उत्सव 2023 के संबंध में दी जानकारी




जागरण सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संस्थापक महान शिक्षाविद् एवं प्रख्यात विधिवेत्ता, संविधान सभा के सदस्य एवं दानवीर डॉ. सर हरीसिंह गौर के 154वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 20 नवंबर से 26 नवंबर तक गौर उत्सव 2023 का आयोजन किया जा रहा है. इस संबंध में विश्वविद्यालय के अतिथि गृह के सम्मेलन कक्ष में आयोजित पत्रकार.वार्ता कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि सागर शहर में डॉ. गौर की जयन्ती उल्लासपूर्वक मनाई जाती है।

प्रशासन और एडवोकेट एकादश के बीच खेला गया। जिला प्रशासन एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाए। टीम के लिए हेमंत ने 70 रनों की नाबाद पारी खेली। जबकि सलामी बल्लेबाजी शानू हर्षे ने महज 18 गेंदों में 1 छक्के और 4 चौकों की मदद से 35 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। अधिवक्ता एकादश के गेंदबाज मनोज पांडेय ने लगातार 2 गेंदों पर 2 विकेट चटकाए। जवाब में अधिवक्ता एकादश की टीम 130 रन ही बना सकी। जिला प्रशासन की टीम ने 17 रनों से मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला विवि मैदान पर ही बुधवार को सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। अंपायर महेंद्र कुमार, विनय शुक्ला रहे। स्कोरर नरेंद्र उइके, अमन दुबे, नितिन, मोनेंद्र रहे। प्रो. आरके त्रिवेदी, खेल विभाग के निदेशक डॉ. विवेक बी साठे, समन्वयक डॉ. सुमन पटेल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन, बीटीआईई के प्राचार्य डॉ. राजू टंडन ने खिलाड़ियों से परिचय लिया।

# गौर उत्सव 2023: टी.20 क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन एवं संबद्ध महाविद्यालय एकादश के बीच होगा फाइनल मुकाबला

सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में गौर उत्सव 2023 के अन्तर्गत क्रिकेट सेमीफाइनल मैच, विश्वविद्यालय की महिला शिक्षकों अधिकारियों कर्मचारियों एवं महिला क्लब के सदस्यों हेतु मनोरंजक खेल, महिला खेल-कूद प्रतियोगिता अब्दुल गनी खान स्टेडियम में आयोजित की गई। सम्बद्ध महाविद्यालय एवं पत्रकार एकादश के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया। जो काफी रोचक रहा। पूरा स्टेडियम परिसर तालियों से गूंज उठा। पत्रकार एकादश ने पहले बैटिंग करने का फैसला करते हुए 6 विकेट खोकर



पत्रकार एकादश ने सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश को 129 रनों का दिया। सर्वाधिक 53 रन दिनेश ने एवं हर्षित दीक्षित ने 28 रनों का योगदान दिया। महाविद्यालय से गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट सतीश सूर्यवंशी एवं राघवेंद्र, शेलू, सिद्धू, संदीप ने 1-1 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 19वें ओवर में 9 विकेट खोकर 130 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया और फाइनल में जगह बनाई। इस मैच में समीर ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। पत्रकार की ओर सर्वाधिक 3 विकेट दिनेश ने एवं अतुल ने 2 विकेट ने लिये। दूसरा सेमीफाइनल जिला प्रशासन और एडवोकेट एकादश के बीच में खेला गया। जिला प्रशासन एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहली पारी में टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 147 रन का लक्ष्य दिया। टीम के हेमंत ने 70 रनों की नाबाद पारी खेली। एडवोकेट एकादश के गेंदबाज मनोज पांडेय ने लगातार 2 गेंदों पर 2 विकेट चटकाए। इस मैच में जिला प्रशासन की टीम ने 17 रनों से जीत हासिल करते हुए फाइनल में पहुंच गई है। पूरे मैच के दौरान दर्शकों की टकटकी स्टेडियम के खिलाड़ियों की ओर लगी रही। मैच में अंपायर महेंद्र कुमार, विनय शुक्ला स्कोरर नरेंद्र उईके, अमन दुबे, नितिन, मोनेन्द्र रहे।

## म्यूजिकल चेयर और रस्साकशी का हुआ रोमांचक मुकाबला

अब्दुल गनी खान स्टेडियम में मनोरंजक खेल एवं महिला खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय की महिला शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिला क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत म्यूजिकल चेयर व रस्साकशी खेल का आयोजन किया गया। दोनों ही खेल, मनोरंजक व रोमांचकारी रहे। म्यूजिकल चेयर में महिला क्लब की सदस्या सरोज को तृतीय स्थान, अनीता सोनी को द्वितीय स्थान व वेनुका को प्रथम स्थान-मिला। रस्सा कसी प्रतियोगिता विवि महिला क्लब, विवि शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की मिश्रित टीम के बीच हुई जो तीन चरणों में संपन्न हुआ। पहला चरण टीम बी ने जीता। दूसरे चरण में टीम, विजयी रही। फाइनल राउंड में टीम बी ने जीत हासिल की। विजेता टीम में अनीता सोनी, स्वेता जैन, प्रो. अस्मिता गजभिये, डॉ. सुमन पटेल, ओमिका सिंह, कांति, डॉ. रेखा गर्ग, दीप्ति बंसल थीं। अंपायर डॉ. सुमन पटेल, अनवर खान थे। सभी खेलों के दौरान कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. विवेक बी साठे, समन्वयक डॉ. सुमन पटेल, चिकत्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन व बीटी इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस के प्रधानाचार्य डॉ. राजू टंडन उपस्थित रहे।

---

**गौर उत्सव 2023** — महिला अधिकारी-कर्मचारियों के बीच हुआ रस्साकशी व म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताएं

# जिला प्रशासन व संबद्ध महाविद्यालय के बीच फाइनल आज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



सागर. डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय में गौर उत्सव में चल रही प्रतियोगिताओं में मंगलवार को टी-20 क्रिकेट मैच के सेमीफाइनल मैच हुए। वहीं विश्वविद्यालय की महिला शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारियों व महिला क्लब के सदस्यों की खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन अब्दुल गनी खान स्टेडियम में किया गया। संबद्ध महाविद्यालय व पत्रकार एकादश के बीच हुआ पहला सेमीफाइनल मैच काफी रोचक रहा।

पत्रकार एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 129 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संबद्ध महाविद्यालय एकादश ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 19वें ओवर मे 9 विकेट खोकर 130 रन बनाकर मैच जीत लिया।

दूसरा सेमीफाइनल जिला प्रशासन व एडवोकेट एकादश के बीच हुआ, जिसमें प्रशासन एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 6 विकेट के नुकसान पर 147 रन का लक्ष्य दिया। इस मैच में जिला प्रशासन की टीम 17 रन से जीत गई। बुधवार 22 नवंबर को सेमीफाइनल मैच जीतने वाली जिला प्रशासन व संबद्ध महाविद्यालय की टीम के बीच अब फाइनल मैच खेला जाएगा। मैच में अंपायरिंग महेंद्र कुमार व विनय शुक्ला ने की। स्कोरर नरेंद्र उइके, अमन दुबे, नितिन व मुनेंद्र रहे।



## रोमांचक मुकाबला

विवि के अब्दुल गनी खान स्टेडियम में म्यूजिकल चेयर व रस्साकशी खेल का आयोजन किया आयोजन हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय की महिला शिक्षकों, अधिकारी-कर्मचारियों व महिला क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। दोनों ही खेल, मनोरंजक व रोमांचकारी रहे। म्यूजिकल चेयर में महिला क्लब की सदस्य वेनुका ने पहला, अनीता सोनी ने दूसरा और सरोज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रस्सा कसी प्रतियोगिता विवि महिला क्लब, विवि शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की मिश्रित टीम के बीच हुई जो तीन चरणों में संपन्न हुआ। पहला चरण टीम बी ने, दूसरे चरण में टीम ए और फाइनल राउंड में टीम बी ने जीत हासिल की। विजेता टीम में अनीता सोनी, स्वेता जैन, प्रो. अस्मिता गजभिए, डॉ. सुमन पटेल, ओमिका सिंह, कांति, डॉ. रेखा गर्ग, दीप्ति बंसल थीं। अंपायर डॉ. सुमन पटेल, अनवर ख़ान थे।

# म्युजिकल चेयर में जीत के लिए महिलाओं ने लगाया दिमाग और रस्साकशी में विजेता बनने लगाया दम




भास्कर संवाददाता | सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के अब्दुल गनी खान स्टेडियम में गौर उत्सव के दूसरे दिन मनोरंजक खेल एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता हुई। इसमें विश्वविद्यालय की महिला शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिला क्लब की सदस्यों ने भाग लिया। इसके तहत म्यूजिकल चेयर एवं रस्साकशी प्रतियोगिता हुई। दोनों ही विधाओं में सभी ने पूरे जोश के साथ सहभागिता की। म्युजिकल चेयर जीतने के लिए महिला प्रतिभागियों ने जहां अपना दिमाग लगाया वहीं रस्साकशी में विजेता बनने के लिए अपना दम लगाते हुए विपक्षी को पटखनी दी। म्युजिकल चेयर में महिला क्लब की सदस्य वेनुका को पहला, अनिता सोनी को दूसरा एवं सरोज को तीसरा स्थान मिला।

रस्साकशी प्रतियोगिता विवि महिला क्लब, विवि शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की मिश्रित टीम के बीच हुई, जो तीन चरणों में हुई। पहला चरण टीम बी ने जीता। दूसरे चरण में टीम ए विजयी रही। फाइनल राउंड में टीम बी ने जीत हासिल की। विजेता टीम में अनीता सोनी, श्वेता जैन, प्रो. अस्मिता गजभिये, डॉ. सुमन पटेल, ओमिका सिंह, कांति, डॉ. रेखा गर्ग, दीप्ति बंसल शामिल थीं। प्रतियोगिताओं के निर्णायक डॉ. सुमन पटेल एवं अनवर खान थे। इस दौरान शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ विवेक बी साठे, समन्वयक डॉ. सुमन पटेल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन, बीटी इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ. राजू टंडन मौजूद रहे।

## गौर उत्सव में आज के आयोजन

- टी-20 मैत्री क्रिकेट का फाइनल मैच विवि मैदान पर सुबह 10 बजे से होगा।
- केवी-4 के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम विवि के स्वर्ण जयंती सभागार में सुबह 10 से 3 बजे तक होगा।

---

**आयोजन** | टी-20 क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन एवं सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश के बीच होगा फाइनल मुकाबला

# सेमीफाइनल मुकाबले में पत्रकार एकादश एवं एडवोकेट एकादश को मिली शिकस्त



सागर, आचरण संवाददाता।

डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में गौर उत्सव 2023 के अन्तर्गत क्रिकेट सेमीफाइनल मैच, विश्वविद्यालय की महिला शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों एवं महिला क्लब के सदस्यों हेतु मनोरंजक खेल, महिला खेल-कूद प्रतियोगिता अब्दुल गनी खान स्टेडियम में आयोजित की गई. सम्बद्ध महाविद्यालय एवं पत्रकार एकादश के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया। जो काफी रोचक रहा। पूरा स्टेडियम परिसर तालियों से गूंज उठा। पत्रकार एकादश ने पहले बैटिंग करने का फैसला करते हुए 6 विकेट खोकर पत्रकार एकादश ने सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश को 129 रनों का दिया। सर्वाधिक 53 रन दिनेश ने एवं हर्षित दीक्षित ने 28 रनों का योगदान दिया । महाविद्यालय से गेंदबाज़ी करते हुए 2 विकेट सतीश सूर्यवंशी एवं राघवेंद्र, शैलू, सिद्धू, संदीप ने 1-1 विकेट चटकाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 19वें ओवर मे 9 विकेट खोकर 130 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया और फाइनल में जगह बनाई। । इस मैच में समीर ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए. पत्रकार की ओर सर्वाधिक 3 विकेट दिनेश ने एवं अतुल ने 2 विकेट ने लिये। दूसरा सेमीफाइनल सागर जिला प्रशासन और एडवोकेट एकादश के बीच में खेला गया। जिला प्रशासन एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहली पारी में टीम ने 6 विकेट के नुक़सान पर 147 रन का लक्ष्य दिया। टीम के हेमंत ने 70 रनों की नाबाद पारी खेली. एडवोकेट एकादश के गेंदबाज मनोज पांडेय ने लगातार 2 गेंदों पर 2 विकेट चटकाए। इस मैच में जिला प्रशासन की टीम ने 17 रनों से जीत हासिल करते हुए फाइनल में पहुँच गई है. पूरे मैच के दौरान दर्शकों की टकटकी. स्टेडियम के खिलाड़ियों की ओर लगी रही। मैच में अंपायर महेंद्र कुमार, विनय शुक्ला स्कोरर नरेंद्र उईके, अमन दुबे, नितिन, मोनेन्द्र रहे।

## म्यूजिकल चेयर और रस्साकशी का हुआ रोमांचक मुकाबला

अब्दुल गनी खान स्टेडियम में मनोरंजक खेल एवं महिला खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय की महिला शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों एवं महिला क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत म्यूजिकल चेयर व रस्साकशी खेल का आयोजन किया गया। दोनों ही खेल, मनोरंजक व रोमांचकारी रहे। म्यूजिकल चेयर में महिला क्लब की सदस्या श्रीमती सरोज को तृतीय स्थान, अनीता सोनी को द्वितीय स्थान व श्रीमती वेनुका को प्रथम स्थान मिला। रस्सा कसी प्रतियोगिता विवि महिला क्लब, विवि शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की मिश्रित टीम के बीच हुई जो तीन चरणों में संपन्न हुआ। पहला चरण टीम बी ने जीता। दूसरे चरण में टीम ए विजयी रही. फाइनल राउंड में टीम बी ने जीत हासिल की. विजेता टीम में अनीता सोनी, स्वेता जैन, प्रो अस्मिता गजभिये, डॉ सुमन पटेल, ओमिका सिंह, कांति, डॉ रेखा गर्ग, दीप्ति बंसल थीं। अंपायर डॉ सुमन पटेल, अनवर ख़ान, थे. सभी खेलों के दौरान कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ विवेक बी. साठे, समन्वयक डॉ. सुमन पटेल, चिकत्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन व बी. टी. इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस के प्रधानाचार्य डॉ. राजू टंडन उपस्थित रहे।

## आज आयोजित होने वाले कार्यक्रम

टी-20 मैत्री क्रिकेट का फाइनल मैच विजेता टीमों के बीच होगा। प्रातः 10.00 बजे से 3 बजे केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 04 के विद्यार्थियों द्वारा तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन विवि के स्वर्ण जयंती सभागार में किया जाएगा।

आओ मनाएं गौर गौरव दिवस

## पिट्टू प्रतियोगिता में विवि की महिला क्लब की सदस्यों ने दिखाया हुनर



**सागर** | सागर विवि के संस्थापक डॉ. हरीसिंह गौर की जयंती के उपलक्ष्य में विवि में मनाए जा रहे गौर उत्सव में बुधवार को पिट्टू प्रतियोगिता हुई। विवि महिला क्लब, विश्वविद्यालय शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की मिक्स टीम-ए और टीम-बी के बीच हुई प्रतियोगिता में टीम-बी विजेता रही। विजेता टीम में गीता, कुंदन, प्रो. अस्मिन्ना गजभिये, डॉ. रश्मि सिंह, ओमिका सिंह, मेघा, शिवानी तोमर शामिल रहीं। उपविजेता टीम में डॉ. सुमन पटेल, डॉ. रेखा, अनुराधा, वेणुका, सरोज, अनीता, कांति आदि रहीं। निर्णायक के रूप में अनवर खान, समीर, उन्नति शामिल रहे। 24 नवंबर से विश्वविद्यालय में दो दिनों तक ओपन डे रहेगा। इन दिनों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चिन्हित विद्यालयों के 12वीं कक्षा के विद्यार्थी बॉटनीकल गार्डन, संग्रहालय व उपकरण केंद्रों का भ्रमण कर सकेंगे।

## म्युजिकल चेयर में जीत के लिए महिलाओं ने लगाया दिमाग और रस्साकशी में विजेता बनने लगाया दम



**सागर (आरएनएन)।** डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के अब्दुल गनी खान स्टेडियम में गौर उत्सव के तहत मनोरंजक खेल एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता हुई।

इसमें विश्वविद्यालय की महिला शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिला क्लब की सदस्यों ने भाग लिया। इसके तहत म्यूजिकल चेयर एवं रस्साकशी प्रतियोगिता हुई। दोनों ही विधाओं में सभी ने पूरे जोश के साथ सहभागिता की। म्युजिकल चेयर जीतने के लिए महिला प्रतिभागियों ने जहां अपना दिमाग लगाया वहीं रस्साकशी में विजेता बनने के लिए अपना दम लगाते हुए विपक्षी को पटखनी दी। म्युजिकल चेयर में महिला क्लब की सदस्य वेनुका को पहला, अनिता सोनी को दूसरा एवं सरोज को तीसरा स्थान मिला।

रस्साकशी प्रतियोगिता विवि महिला क्लब, विवि शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की मिश्रित टीम के बीच हुई, जो तीन चरणों में हुई। पहला चरण टीम बी ने जीता। दूसरे चरण में टीम ए विजयी रही। फाइनल राउंड में टीम बी ने जीत हासिल की। विजेता टीम में अनीता सोनी, श्वेता जैन, प्रो. अस्मिता गजभिये, डॉ. सुमन पटेल, ओमिका सिंह, कांति, डॉ. रेखा गर्ग, दीप्ति बंसल शामिल थीं। प्रतियोगिताओं के निर्णायक डॉ. सुमन पटेल एवं अनवर खान थे। इस दौरान शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ विवेक बी साठे, समन्वयक डॉ. सुमन पटेल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन, बीटी इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ. राजू टंडन मौजूद रहे।

# गौर उत्सव 2023: टी-20 क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन एकादश ने जीता फाइनल मुकाबला



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि में गौर उत्सव 2023 के अन्तर्गत मैत्री क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश और जिला प्रशासन एकादश के बीच खेला गया। मैच के प्रारंभ में प्रभारी कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय, विवि स्पोर्ट्स बोर्ड के चेयरमैन प्रो. गिरीश मोहन दुबे, प्रो. सुबोध जैन, डॉ. विवेक बी साठे, प्रो. आरके त्रिवेदी, डॉ. सुरेंद्र गादेवार, पूर्व प्राचार्य डॉ. सुनील श्रीवास्तव, डॉ. सुमन पटेल, डॉ. राजू टंडन, आर के पाल, समर्थ दीक्षित, संदीप तिवारी ने दोनों टीमो के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। जिला प्रशासन एकादश ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहला विकेट जल्द गंवाने के बाद दूसरे विकेट के लिए सर्वाधिक अवनीश जारौलिया ने 10 चौके और 1 छक्के के साथ 71 रन की पारी खेली एवं नीतेश शर्मा ने 5 चौके और 1 छक्के के साथ 40 रन बनाये।

जिला प्रशासन ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 183 रन बनाये। सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश की ओर से गेंदबाजी करते हुए गजेंद्र ने 3 विकेट, राघवेंद्र, समीर, गौरव ने 1-1 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश 16 ओवर में 126 रन पर सिमट गई। सर्वाधिक 40 रनों की पारी सिद्धार्थ ने खेली। समीर ने 17 रनों का योगदान दिया। जिला प्रशासन टीम की ओर से खेल रहे नितेश शर्मा ने फाइनल मुकाबले में टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक ली। 17 वें ओवर की तीसरी गेंद पर अवनीश ने 126 के स्कोर पर आखिरी बल्लेबाज को आउट किया और जिला प्रशासन ने इस फाइनल मुकाबले में 57 रन से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच नीतेश शर्मा रहे जिन्होंने 40 रन एवं गेंदबाज हेट्रिक बनाई। मैच के निर्णायक महेंद्र कुमार, विनय शुक्ला रहे। स्कोरर नरेंद्र उईके, अमन दुबे, मोनेन्द्र, नितिन रहे।

### रोमांचक रही विश्वविद्यालय महिला वर्ग की पिट्टू प्रतियोगिता

पिट्टू प्रतियोगिता विवि महिला क्लब, विवि शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की मिक्स टीम ए और बी टीम के मध्य आयोजित हुई। जिसमें टीम बी विजेता रही। विजेता टीम में गीता, कुंदन, प्रो. अस्मिता गजभिये, डॉ. रश्मि सिंह, ओमिका सिंह, मेघा, शिवानी तोमर थे। उपविजेता टीम में डॉ. सुमन पटेल, डॉ. रेखा, अनुराधा, वेणुका, सरोज, अनीता, कांति आदि रहीं। अंपायर के रूप में अनवर खांन, समीर उन्नति रहे।

# टी-20 क्रिकेट मैच: जिला प्रशासन एकादश ने 57 रनों से फाइनल जीता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**सागर.** डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय में गौर उत्सव 2023 के अन्तर्गत मैत्री क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश और जिला प्रशासन एकादश के बीच खेला गया। जिला प्रशासन ने इस फाइनल मुकाबले में 57 रन से जीत हासिल की। जिला प्रशासन एकादश ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहला विकेट जल्द गंवाने के बाद दूसरे विकेट के लिए सर्वाधिक अवनीश जारौलिया ने 10 चौके और 1 छक्के के साथ 71 रन की पारी खेली एवं नीतेश शर्मा ने 5 चौके और 1 छक्के के साथ 40 रन बनाए। जिला प्रशासन ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 183 रन बनाए। सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश की ओर से गेंदबाजी करते हुए गजेंद्र ने 3 विकेट, राघवेंद्र, समीर, गौरव ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश 16 ओवर में 126 रन पर सिमट गई। सर्वाधिक 40 रनों की पारी सिद्धार्थ ने खेली। समीर ने 17 रनों का योगदान दिया। जिला प्रशासन टीम की ओर से खेल रहे नितेश शर्मा ने फाइनल मुकाबले में टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक ली। 17वें ओवर की तीसरी गेंद पर अवनीश ने 126 के स्कोर पर आखिरी बल्लेबाज को आउट किया और फाइनल मुकाबले में 57 रन से जीत हासिल की।

मैच के प्रारंभ में प्रभारी कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय, विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड के चेयरमैन प्रो. गिरीश मोहन दुबे, प्रो सुबोध जैन, डॉ विवेकबी साठे, प्रो. आरके त्रिवेदी, डॉ सुरेंद्र गादेवार, पूर्व प्राचार्य डॉ सुनील श्रीवास्तव, डॉ सुमन पटेल, डॉ राजू टंडन, आर के पाल, समर्थ दीक्षित ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच के निर्णायक महेंद्र कुमार, विनय शुक्ला रहे। स्कोरर नरेंद्र उइके, अमन दुबे, मोनेन्द्र और नितिन रहे।

पिट्ठू प्रतियोगिता विश्वविद्यालय महिला क्लब, विश्वविद्यालय शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की मिक्स टीम ए और बी टीम के मध्य आयोजित हुई। जिसमें टीम बी विजेता रही। विजेता टीम में गीता, कुंदन , प्रो अस्मिता गजभिए, डॉ रश्मि सिंह, ओमिका सिंह, मेघा, शिवानी तोमर थे। उपविजेता टीम में डॉ सुमन पटेल, डॉ रेखा, अनुराधा, वेणुका, सरोज, अनीता, कांति आदि रहीं। अंपायर के रूप में अनवर खान, समीर और उन्नति रहे।

**समापन** | रोमांचक रही विश्वविद्यालय महिला वर्ग की पिट्टू प्रतियोगिता

# टी-20 क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन एकादश ने जीता फाइनल मुकाबला नीतेश शर्मा को 'मैन ऑफ़ द मैच'

सागर, आचरण संवाददाता।

डॉ हरीसिंह गौर विवि में गौर उत्सव 2023 के अन्तर्गत मैत्री क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश और जिला प्रशासन एकादश के बीच खेला गया। मैच के प्रारंभ में प्रभारी कुलसचिव डॉ. एस पी उपाध्याय, विवि स्पोर्ट्स बोर्ड के चेयरमैन प्रो. गिरीश मोहन दुबे, प्रो सुबोध जैन, डॉ विवेक बी साठे, प्रो. आर के त्रिवेदी, डॉ सुरेंद्र गादेवार, पूर्व प्राचार्य डॉ सुनील श्रीवास्तव, डॉ सुमन पटेल, डॉ राजू टंडन, आर के पाल, समर्थ दीक्षित, संदीप तिवारी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया. जिला प्रशासन एकादश ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहला विकेट जल्द गंवाने के बाद दूसरे विकेट के लिए सर्वाधिक अवनीश ज़ारौलिया ने 10 चौके और 1 छक्के के साथ 71 रन की पारी खेली एवं नीतेश शर्मा ने 5 चौके और 1 छक्के के साथ 40 रन बनाये. जिला प्रशासन ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 183 रन बनाये. सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए गजेंद्र ने 3 विकेट, राघवेंद्र, समीर, गौरव ने 1-1 विकेट लिये. लक्ष्य का पीछा करने उतरी सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश 16 ओवर में 126 रन पर सिमट गई। सर्वाधिक 40 रनों की पारी सिद्धार्थ ने खेली. समीर ने 17 रनों का योगदान दिया. जिला प्रशासन टीम की ओर से खेल रहे नितेश शर्मा ने फाइनल मुकाबले में टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक ली. 17वें ओवर की तीसरी गेंद पर अवनीश ने 126 के स्कोर पर आखिरी बल्लेबाज को आउट किया और जिला प्रशासन ने इस फाइनल मुकाबले में 57 रन से जीत हासिल की. 'मैन ऑफ़ द मैच' नीतेश शर्मा रहे जिन्होंने 40 रन एवं गेंदबाज़ हैट्रिक बनाई।





मैच के निर्णायक महेंद्र कुमार, विनय शुक्ला रहे. स्कोरर नरेंद्र उईके, अमन दुबे, मोनेन्द्र, नितिन रहे।

पिट्टू प्रतियोगिता विश्वविद्यालय महिला क्लब, विश्वविद्यालय शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की मिक्स टीमए और बी टीम के मध्य आयोजित हुई। जिसमें टीम बी विजेता रही. विजेता टीम में गीता, कुंदन, प्रो अस्मिता गजभिये, डॉ रश्मि सिंह, ओमिका सिंह, मेघा, शिवानी तोमर थे. उपविजेता टीम में डॉ सुमन पटेल, डॉ रेखा, अनुराधा, वेणुका, सरोज, अनीता, कांति आदि रहीं। अंपायर के रूप में अनवर ख़ान, समीर, उन्नति रहे।

24 नवम्बर से विश्वविद्यालय में दो दिनों तक ओपन डे रहेगा। इन दिनों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक चिन्हित विद्यालयों के12वीं कक्षा के विद्यार्थी बॉटनीकल गार्डन, संग्रहालय व उपकरण केन्द्रों का भ्रमण कर सकेंगे. इसमें जंतु विज्ञान, व्यावहारिक भूगर्भशास्त्र, मानव विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास, न्यायालयिक विज्ञान के संग्रहालय भी खुले रहेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न अत्याधुनिक विज्ञान उपकरण जैसे इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप, एक्स आर डी., आई.सी.पी. एम.एस आदि से भी परिचित हो सकेंगे।

---

रहेगा। प्रदोषकाल में पूजन होगा। बड़ा बाजार स्थित लक्ष्मीनारायण पोषाक और स्वर्ण आभूषण से ...

## गौर उत्सव : मैच में 40 रन व हैट्रिक मारने वाले नीतेश शर्मा बने मैन आफ द मैच

# जिला प्रशासन एकादश ने जीता टी-20 फाइनल मैच

**सागर( नवदुनिया प्रतिनिधि )।** डा. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में गौर उत्सव 2023 के अंतर्गत मैत्री क्रिकेट मैच के फाइनल मुकाबले में संबद्ध महाविद्यालय एकादश को पराजित कर जिला प्रशासन एकादश ने प्रतियोगिता अपने नाम कर ली। मैच में मैन आफ़ द मैच रहे नीतेश शर्मा ने 40 रनों का योगदान दिया एवं शानदार हैट्रिक भी मारी।

मैच के प्रारंभ में प्रभारी कुलसचिव डा. एस पी उपाध्याय, विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड के चेयरमैन प्रो. गिरीश मोहन दुबे, प्रो सुबोध जैन, डा. विवेक बी साठे, प्रो. आरके त्रिवेदी, डा. सुरेंद्र गादेवार आदि ने दोनों टीमो के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। जिला प्रशासन एकादश ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहला विकेट जल्द गंवाने के बाद दूसरे विकेट के लिए सर्वाधिक अवनीश ज़ारौलिया ने 10 चौके और 1 छक्के के साथ 71 रन की पारी खेली। नीतेश शर्मा ने 5 चौके और 1 छक्के के साथ 40 रन बनाए। जिला प्रशासन ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 183 रन बनाए। संबद्ध महाविद्यालय एकादश की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए गजेंद्र ने 3 विकेट, राघवेंद्र, समीर, गौरव ने 1-1 विकेट लिए।

**सिर्फ 126 रन पर सिमटी संबद्ध महाविद्यालय की टीम**



विवि के खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में जिला प्रशासन की टीम विजयी रही। ● नवदुनिया.



पिट्टी मैच में विवि की महिला क्लब की सदस्यों के बीच मैच हुआ। ● नवदुनिया

लक्ष्य का पीछा करने उतरी संबद्ध महाविद्यालय एकादश 16 ओवर में 126 रन पर सिमट गई। सर्वाधिक 40 रनों की पारी सिद्धार्थ ने खेली। समीर ने 17 रनों का योगदान दिया। जिला प्रशासन टीम की ओर से खेल रहे नितेश शर्मा ने फाइनल मुकाबले में टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक ली। 17वें ओवर की तीसरी गेंद पर अवनीश ने 126 के स्कोर पर आखिरी बल्लेबाज को आउट किया और जिला प्रशासन ने इस फाइनल मुकाबले में 57 रन से जीत हासिल की। मैन आफ़ द मैच नीतेश शर्मा रहे, जिन्होंने 40 रन एवं गेंदबाज़ हैट्रिक बनाई। मैच के निर्णायक महेंद्र कुमार, विनय शुक्ला रहे। स्कोरर नरेंद्र उईके, अमन दुबे, मोनेन्द्र, नितिन रहे।

**रोमांचक रही विश्वविद्यालय महिला वर्ग की पिट्टू प्रतियोगिता**

गौर उत्सव के अंतर्गत पिट्टू प्रतियोगिता में विवि महिला क्लब, विवि शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की मिक्स टीम ए और बी टीम के मध्य आयोजित हुई, जिसमें टीम बी विजेता रही। विजेता टीम में गीता, कुंदन, प्रो. अस्मिता गजभिये, डा. रश्मि सिंह, ओमिका सिंह, मेघा, शिवानी तोमर थे। उपविजेता टीम में डा. सुमन पटेल, डा. रेखा, अनुराधा, वेणुका, सरोज, अनीता, कांति आदि रही। अंपायर के रूप में अनवर ख़ान, समीर, उन्नति रहे।

**विवि में कल ओपन डे रहेगा**

24 नवंबर से विवि में दो दिनों तक ओपन डे रहेगा। इन दिनों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक चिन्हित विद्यालयों के 12 वीं कक्षा के विद्यार्थी बाटनीकल गार्डन, संग्रहालय व उपकरण केन्द्रों का भ्रमण कर सकेंगे। इस दौरान जंतु विज्ञान, व्यावहारिक भूगर्भशास्त्र, मानव विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास, न्यायालयिक विज्ञान के संग्रहालय भी खुले रहेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न अत्याधुनिक विज्ञान उपकरण जैसे इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप, एक्स आरडी, आइसीपीएमएस आदि से भी परिचित हो सकेंगे।

# गौर उत्सव के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय क्र.-4 का वार्षिक उत्सव मनाया गया

सत्ता सुधार ■ सागर

डॉ हरीसिंह गौर विश्वनविद्यालय सागर द्वारा संचालित केन्द्रीय विद्यालय सागर क्रमांक-4 में गौर उत्सव के अंतर्गत विद्यालय का वार्षिक उत्सव विश्व विद्यालय परिसर के स्वर्ण जयंती सभागार में मनाया गया। गौर उत्सव का आयोजन बेहद सफल एवं उद्देश्य पूर्ण रहा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि प्रभारी कुलपति प्रो.वाय.एस.ठाकुर जी एवं विशिष्ट अतिथि श्री अरुण कुमार सिंह प्रधान जिला न्यायाधीश सागर, श्री मनीष भट्ट जिला न्यायाधीश/सचिव विविध सेवा प्राधिकरण सागर एवं आलोक मिश्रा जी प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सागर, विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष प्रो. पी.के.कठल एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। अतिथि आगमन के पश्चात् अतिथियों का स्वागत एवं वंदन किया गया। सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेन्द्र सिंह वर्मा नें सभी अतिथियों का स्वागत हरित पौध देकर एवं विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने डॉ गौर की जीवनी एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को गौर गीत एवं भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया।




सांस्कृतिक नृत्य के अंतर्गत लहरा दो, लावरी नृत्य छत्तीसगढ़ी नृत्य एवं राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। एकल नृत्य, शिव तांडव स्त्रोत ने कार्यक्रम का समा बांध दिया। सोशलस मीडिया नाटक नें वाह-वाही लूट कर मंत्र मुग्ध कर दिया। रामलीला नृत्य नाटिका की जीवंत प्रस्तुति को सभी अतिथियों और दर्शकों ने जय श्रीराम घोष के साथ तालियों से सराहा गया। विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्टथ अतिथियों ने सभी को संबोधित कर जीवन में आगे बढ़ने का मूल मंत्र साझा किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति संगीत शिक्षिका श्रीमति शारदा प्रजापति के निर्देशन में तैयार किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार नेमा, आनदं जैन एवं फरखंदा बेगम द्वारा किया गया। विद्यार्थी वर्ग की तरफ से कार्यक्रम का संचालन तनिष्क नंदनवार और उनकी टीम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमति रंजना वर्मा द्वारा किया गया।

### गौर उत्सव के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय क्रं 4 का वार्षिक उत्सव मनाया

# लावणी नृत्य और राजस्थानी नृत्यों ने मोहा मन, रामलीला नृत्य नाटिका की भी हुई प्रस्तुति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सागर.** गौर उत्सव के अंतर्गत बुधवार को केंद्रीय विद्यालय क्रं 4 का वार्षिक उत्सव विश्वविद्यालय परिसर के स्वर्ण जयंती सभागार में मनाया गया। सांस्कृतिक नृत्य के अंतर्गत लहरा दो, लावणी नृत्य, छत्तीसगढ़ी नृत्य एवं राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। एकल नृत्य, शिव तांडव स्त्रोत ने कार्यक्रम का समां बांध दिया। सोशल मीडिया नाटक नें वाह-वाही लूट कर मंत्र मुग्ध कर दिया। रामलीला नृत्य नाटिका की जीवंत प्रस्तुति को सभी अतिथियों और दर्शकों ने जय श्रीराम घोष के साथ तालियों से सराहा।




अतिथि प्रभारी कुलपति प्रो.वायएसठाकुर, विशिष्ट अतिथि प्रधान जिला न्यायाधीश अरुण कुमार सिंह, मनीष भट्ट, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश आलोक मिश्रा और विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष प्रो. पीकेकठल की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत हरित पौध देकर एवं विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने डॉ. गौर की जीवनी एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को गौर गीत एवं भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया।

विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार नेमा, आनदं जैन एवं फरखंदा बेगम ने किया। विद्यार्थी वर्ग की तरफ से संचालन तनिष्क नंदनवार और उनकी टीम ने किया। आभार शिक्षिका रंजना वर्मा ने माना।

# केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-4 का मनाया वार्षिक उत्सव

जागरण सागर। केन्द्रीय विद्यालय सागर क्रमांक-4 जो कि डॉण्हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित है गौर उत्सव के अंतर्गत विद्यालय का वार्षिक उत्सव विश्वविद्यालय परिसर के स्वर्ण जयंती सभागार में मनाया गया। गौर उत्सव का आयोजन बेहद सफल एवं उद्देश्यपूर्ण रहा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि प्रभारी कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार सिंह प्रधान जिला न्यायाधीश, मनीष भट्ट जिला न्यायाधीश, सचिव विविध सेवा प्राधिकरण एवं आलोक मिश्रा प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सागर, विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष प्रो. पीके कठल एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह वर्मा नें सभी अतिथियों का स्वागत हरित पौध देकर एवं विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने डॉण् गौर की जीवनी एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को गौर गीत एवं भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया।



छत्तीसगढ़ी नृत्य एवं राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। एकल नृत्य, शिव तांडव स्त्रोत ने कार्यक्रम का समा बांध दिया। सोशल मीडिया नाटक ने वाह-वाही लूट कर मंत्र मुग्ध कर दिया। रामलीला नृत्य नाटिका की जीवंत प्रस्तुति को सभी अतिथियों और दर्शकों ने जय श्रीराम घोष के साथ तालियों से सराहा गया।

विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने सभी को संबोधित कर जीवन में आगे बढ़ने का मूल मंत्र साझा किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति संगीत शिक्षिका श्रीमति शारदा प्रजापति के निर्देशन में तैयार किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार नेमा, आनद जैन एवं फरखंदा बेगम द्वारा किया गया। विद्यार्थी वर्ग की तरफ से कार्यक्रम का संचालन तनिष्क नंदनवार और उनकी टीम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमति रंजना वर्मा द्वारा किया गया।

# संगीत के साथ सुनाई डा. गौर की गौरव गाथा

## गौर उत्सव ● केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया

सागर (नवदुनिया प्रतिनिध)। डा. हरीसिंह गौर केंद्रीय विवि द्वारा संचालित केंद्रीय विद्यालय सागर क्रमांक-4 में डा. हरी सिंह गौर की जयंती उत्सव समारोह के तहत वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। यह उत्सव विश्वविद्यालय परिसर के स्वर्ण जयंती सभागार में मनाया गया।

मुख्य अतिथि प्रभारी कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर, विशिष्ट अतिथि जिला प्रधान न्यायाधीश अरुण कुमार सिंह, विविध सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष भट्ट, प्रथम एवं जिला अपर सत्र न्यायाधीश आलोक मिश्रा, विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष प्रो. पीके कठल एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य मौजूद थे। प्राचार्य राजेन्द्र सिंह वर्मा नें सभी अतिथियों का स्वागत हरित पौध देकर एवं विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने डा. गौर की जीवनी एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को गौर गीत एवं भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया।



सागर। वार्षिकोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

सांस्कृतिक नृत्य के अंतर्गत लहरा दो, लावरी नृत्य छत्तीसगढ़ी नृत्य एवं राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मनमोह लिया। एकल नृत्य, शिव तांडव स्रोत ने कार्यक्रम का समा बांध दिया। इंटरनेट मीडिया नाटक नें वाह-वाही लूट कर मंत्र मुग्ध कर दिया।



सागर। समारोह मे पौधा भेटकर अतिथि का स्वागत करते प्राचार्य राजेंद्र सिंह वर्मा।

### रामलीला नृत्य नाटिका की जीवंत प्रस्तुति को सराहना

रामलीला नृत्य नाटिका की जीवंत प्रस्तुति को सभी अतिथियों और दर्शकों ने जय श्रीराम घोष के साथ तालियों से सराहा गया। विद्यालय द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने सभी को संबोधित कर जीवन में आगे बढ़ने का मूल मंत्र साझा किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति संगीत शिक्षिका शारदा प्रजापति के निर्देशन में तैयार की गई। संचालन विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार नेमा, आनंद जैन एवं फरखंदा बेगम ने किया। विद्यार्थी वर्ग की तरफ से कार्यक्रम का संचालन तनिष्क नंदनवार और उनकी टीम ने किया। वरिष्ठ शिक्षिका रंजना वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# गौर उत्सव के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 का वार्षिक उत्सव मनाया गया

**सागर, देशबन्धु।** केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में डॉ. हरिसिंह गौर विवि द्वारा संचालित गौर उत्सव के अंतर्गत विद्यालय का वार्षिक उत्सव विश्वविद्यालय परिसर के स्वर्ण जयंती सभागार में मनाया गया। गौर उत्सव का आयोजन सफल एवं उद्देश्यपूर्ण रहा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि प्रभारी कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार सिंह प्रधान जिला न्यायाधीश, मनीष भट्ट जिला न्यायाधीश सचिव विविध सेवा प्राधिकरण आलोक मिश्रा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सागर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत एवं वंदन किया गया। सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत हरित पौधे देकर एवं विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने डॉ. गौर की जीवनी एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों पर आधारित गौर गीत एवं भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक नृत्य के अंतर्गत लहरा दो, लावरी नृत्य, छत्तीसगढ़ी नृत्य एवं राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। सोशल मीडिया नाटक नें वाह-वाही लूट कर मंत्र मुग्ध कर दिया। रामलीला नृत्य नाटिका की जीवंत प्रस्तुति को सभी अतिथियों और दर्शकों ने तालियों से सराहा। विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने सभी को संबोधित कर जीवन में आगे बढ़ने का मूल मंत्र साझा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को संगीत शिक्षिका शारदा प्रजापति के निर्देशन में तैयार किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक मनोज नेमा, आनंद जैन एंवं फरखंदा बेगम द्वारा किया गया। विद्यार्थी वर्ग की तरफ से कार्यक्रम का संचालन तनिष्क नंदनवार और उनकी टीम ने किया। आभार विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका रंजना वर्मा द्वारा किया गया।



**टूर्नामेंट** • शर्मा बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, विजेता-उपविजेता टीमों को गौर जयंती समारोह में किया जाएगा सम्मानित

# गौर उत्सव टी-20 टूर्नामेंट पहली बार जिला प्रशासन एकादश ने जीता, नीतेश ने लगाई पहली हैट्रिक




भास्कर संवाददाता | सागर



डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में गौर उत्सव-2023 में खेली जा रही टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता को जिला प्रशासन एकादश ने जीत लिया। टीम ने पहली बार यह टूर्नामेंट जीता है। बुधवार को हुए मुकाबले में उन्होंने संबद्ध महाविद्यालय एकादश को 57 रनों से हराया। जिला प्रशासन एकादश के कप्तान योगश दुबे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहला विकेट जल्द गंवाने के बाद दूसरे विकेट के लिए अवनीश जारौलिया ने 10 चौके और 1 छक्के के साथ 71 रन की पारी खेली। जबकि नीतेश शर्मा ने 5 चौके और 1 छक्के के साथ 40 रन बनाए। जिला प्रशासन ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 183 रन बनाए। संबद्ध महाविद्यालय एकादश की ओर से गेंदबाजी करते हुए गजेंद्र ने 3, राघवेंद्र, समीर, गौरव मे 1-1 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी संबद्ध महाविद्यालय एकादश 16 ओवर में 126 रन पर सिमट गई। सिद्धार्थ ने 40 रनों की पारी खेली। समीर ने 17 रनों का योगदान दिया। जिला प्रशासन टीम की ओर से खेल रहे नीतेश शर्मा ने फाइनल मुकाबले में टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक लगाई। 17वें ओवर की तीसरी गेंद पर अवनीश ने 126 के स्कोर पर आखिरी बल्लेबाज को आउट किया। प्लेयर ऑफ द मैच नीतेश शर्मा रहे। अंपायर महेंद्र कुमार, विनय शुक्ला रहे। स्कोरर नरेंद्र उइके, अमन दुबे, मोनेंद्र, नितिन रहे।

मैच की शुरुआत में प्रभारी कुलसचिव एसपी उपाध्याय, विवि स्पोर्ट्स बोर्ड के चेयरमैन प्रो. गिरीश मोहन दुबे, प्रो. सुबोध जैन, डॉ. विवेक बी साठे, प्रो. आरके त्रिवेदी, डॉ. सुरेंद्र गादेवार, डॉ. सुनील श्रीवास्तव, डॉ. सुमन पटेल, डॉ. राजू टंडन, आरके पाल, समर्थ दीक्षित, संदीप तिवारी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

**आयोजन । गौर उत्सव का आयोजन बेहद सफल एवं उद्देश्य पूर्ण रहा**

# केन्द्रीय विद्यालय में वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति






सागर, आचरण संवाददाता।

डॉ हरीसिंह गौर विश्वनविद्यालय सागर द्वारा संचालित केन्द्रीय विद्यालय सागर क्रमांक-4 में गौर उत्सव के अंतर्गत विद्यालय का वार्षिक उत्सव विश्व विद्यालय परिसर के स्वर्ण जयंती सभागार में मनाया गया। गौर उत्सव का आयोजन बेहद सफल एवं उद्देश्य पूर्ण रहा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि प्रभारी कुलपति प्रो.वाय.एस.ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार सिंह प्रधान जिला न्यायाधीश सागर, मनीष भट्ट जिला न्यायाधीश/सचिव विविध सेवा प्राधिकरण सागर एवं आलोक मिश्रा प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सागर, विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष प्रो. पी.के. कठ्ल एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। अतिथि आगमन के पश्चात् अतिथियों का स्वागत एवं वंदन किया गया। सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत हरित पौध देकर एवं विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने डॉ गौर की जीवनी एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को गौर गीत एवं भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक नृत्य के अंतर्गत लहरा दो, लावरी नृत्य छत्तीसगढ़ी नृत्य एवं राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। एकल नृत्य, शिव तांडव स्त्रोत ने कार्यक्रम का समा बांध दिया। सोशलस मीडिया नाटक नें वाह-वाही लूट कर मंत्र मुग्ध कर दिया। रामलीला नृत्य नाटिका की जीवंत प्रस्तुति को सभी अतिथियों और दर्शकों ने जय श्रीराम घोष के साथ तालियों से सराहा गया। विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने सभी को संबोधित कर जीवन में आगे बढ़ने का मूल मंत्र साझा किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति संगीत शिक्षिका श्रीमति शारदा प्रजापति के निर्देशन में तैयार किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार नेमा, आनदं जैन एवं फरखंदा बेगम द्वारा किया गया। विद्यार्थी वर्ग की तरफ से कार्यक्रम का संचालन तनिष्क नंदनवार और उनकी टीम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमति रंजना वर्मा द्वारा किया गया।

# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

## गौर उत्सव
## (दिनॉक 18–26 नवम्बर 2023)

### कार्यक्रम – विवरण

| क्र | दिनांक / समय | कार्यक्रम | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | 18.11.2023<br>शनिवार | प्रेस–कांफ्रेंस – माननीया कुलपति जी द्वारा<br>अपरांह 03.00 बजे से | विश्वविद्यालय अतिथि गृह |
| 2 | 20–25.11.2023<br>रविवार–शनिवार | विश्वविद्यायालीन अन्तर–शाला छात्र प्रतियोगितायें:<br>(अ) देशज खेल–कूद<br>(ब) सांस्कृतिक गतिविधियां<br>प्रातः 11.00 से सांय 5.00 बजे तक | गौर समाधि प्रांगण/<br>अब्दुल गनी खान स्टेडियम |
| 3 | 21.11.2023<br>मगलवार | संबद्ध महाविद्यालयों का कार्यक्रम<br>प्रातः 11.00 से सांय 3.00 बजे तक | स्वर्ण जयंती सभागार |
| 3 | 22.11.2023<br>बुधवार | केन्द्रीय विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम<br>KV-04 के विद्यार्थियों द्वारा<br>प्रातः 10.00 से 3.00 बजे तक | स्वर्ण जयंती सभागार |
| 4 | 23.11.2023<br>गुरूवार | काव्य पाठ<br>शिक्षकों, अधिकारियो, कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा<br>सायं 3.00 से सांय 05.00 बजे तक | अभिमंच सभागार |
| 5 | 24–25.11.2023<br>शुक्रवार<br>एवं<br>शनिवार | विश्वविद्यालय मुक्त दिवस (Open University Day)<br>स्थानीय विद्यालयों के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों हेतु बॉटनीकल गार्डन, संग्रहालय एवं कुछ उपकरण केन्द्रों का भ्रमण<br>प्रातः 10.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक | बॉटनीकल गार्डन,<br>संग्रहालयः<br>जन्तुविज्ञान<br>व्यावहारिक भूगर्भशास्त्र<br>मानव विज्ञान<br>प्राचीन भारतीय इतिहास<br>न्यायालयिक विज्ञान संग्रहालयः<br>अत्याधुनिक विज्ञान उपकरण<br>**इलेक्ट्रान** माईक्रोस्कोप<br>एक्स.आर.डी<br>आई.सी.पी.एम.एस . |
| | 25.11.2023 | पुरा–छात्र सम्मेलन अपरांह (03.00 से 05.00 तक) | अभिमंच सभागार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | 25.11.2023<br>शुक्रवार | गौर मेला<br>प्रातः 11 बजे से दिनांक 26.11.2022 के सायंकाल 6.00 बजे तक<br>गौर मूर्ति, तीनबत्ती पर दीप प्रज्जवलन सायं 6.00 बजे<br>डॉ. गौर पर रेडियो वार्ताः मा.कुलपति महोदया, सांय 6.00 बजे | गौर समाधि प्रांगण<br><br>गौर मूर्ति, तीनबत्ती, सागर |
| 7 | 26.11.2023<br>रविवार | गौर मूर्ति, तीनबत्ती पर मान्नीया कुलपति जी द्वारा माल्यार्पण एवं उद्वोधन (प्रातः 8.30 से 9.00 तक)<br>1. माल्यार्पण : डॉ गौर की मूर्ति (प्रातः 8.30)<br>2. स्वागत भाषण : प्रो सुरेश आचार्य (प्रातः 8.40)<br>3. उद्बोधन : माननीय कुलपति (प्रातः 8.50)<br>4. गौर शोभा यात्राः गौर मूर्ति तीनबत्ती से विश्वविद्यालय प्रांगण तक (गौर अध्ययन केन्द्र, गौर जन्म स्थली) प्रातः 9.00 बजे से प्रारम्भ<br>5. विश्वविद्यालय परिसर में गौर मूर्ति पर माल्यार्पण एवं गौर समाधि पर पुष्पांजलि : | गौर मूर्ति, तीनबत्ती, सागर<br><br>गौर मूर्ति, विश्वविद्यालय परिसर |
| | | गौर जयंती मुख्य समारोह<br>एवं<br>राष्ट्रीय संविधान दिवस की शपथ<br>प्रातः 11.00 बजे<br>विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक संध्या<br>सायं 6:.30 बजे से 7:30 बजे तक | गौर समाधि प्रांगण<br><br>स्वर्ण जयंती सभागार |

नोटः 1. दिनांक 20 से 26 नवम्बर, 2023 तक आकाशवाणी सागर से डॉ गौर पर जिंगल का प्रसारण किया जायेगा।

दिनॉकः 03.11.2023

(प्रो. प्रदीप कुमार कठल)
मुख्य समन्वयक, गौर उत्सव–2023

## प्रकाशित समाचारों की लिंक

SagarUniversity DoctorGour Doctor Harisingh Gour Vishwavidyalaya,Sagar

**संकलन, चयन एवं संपादन**

कार्यालय, मीडिया अधिकारी

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

Email- mediaofficer@dhsgsu.edu.in Website- www. www.dhsgsu.edu.in